# SSC & Railway Bi-Weekly करंट अफेयर्स (01-15 December)



Prep Smart. Score Better. Go gradeup

www.gradeup.co

# 1-15 दिसम्बर 2020

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट दो **सप्ताह** (1-15) दिसम्बर **2020** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

**1.** किस अंतर सरकारी वित्तीय संस्थान ने 'फ्यूचर ऑफ रीजनल कोऑपरेशन इन एशिया एंड द पैसिफिक' नामक एक नई पुस्तक का विमोचन किया ________ **एशियाई विकास बैंक (ADB)।**

**नोट:**

- यह पुस्तक एशिया और प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग और एकीकरण के साथ विकास की समीक्षा करती है। यह कोविड-19 महामारी से उबरने और पुनर्निर्माण के लिए साथ मिलकर काम करने हेतु इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के लिए मार्ग खोजती है, ताकि अधिक लचीला, टिकाऊ और समावेशी भविष्य प्राप्त किया जा सके।
- पुस्तक में ऐसे पत्र हैं जो प्रसिद्ध विद्वानों और ADB के कर्मचारियों द्वारा लिखे गए हैं।

**2.** किस राज्य में बिजली वितरण क्षेत्र को मजबूत करने के लिए, भारत सरकार ने हाल ही में एशियाई विकास बैंक के साथ 133 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए________**मेघालय।**

**नोट:**

- इसके अलावा, गरीबी में कमी के लिए ऋण की पूर्ति एशियाई विकास बैंक जापान निधि से 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान के साथ की जानी है।
- यह निधि मूल रूप से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को वित्तपोषित करने और वंचित समूहों तथा महिलाओं हेतु आय सृजन गतिविधियों का समर्थन करने के लिए आवंटित की गई थी।

**3.** जापान के JCB इंटरनेशनल कोऑपरेशन लिमिटेड (JCB) के सहयोग से किस बैंक ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के रुपे नेटवर्क पर एक डेबिट कार्ड लॉन्च किया है________**भारतीय स्टेट बैंक।**


**नोट:**

- 'SBI रुपे JCB प्लैटिनम कॉन्टेक्टलेस डेबिट कार्ड' एक दोहरी इंटरफेस सुविधा के साथ आता है, जो ग्राहकों को घरेलू बाजार में कॉन्टेक्ट और कॉन्टेक्टलेस लेनदेन दोनों तथा विदेशों में निर्बाध कॉन्टेक्ट लेनदेन में सक्षम करेगा।
- इस कार्ड के साथ, उपभोक्ता JCB नेटवर्क के तहत दुनिया भर के ATM और PoS टर्मिनलों पर लेन-देन कर सकेंगे।

**4.** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, कौन सा देश भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है________ **अमेरिका।**

**नोट:**





- DPIIT (उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग) ने बताया कि अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान, भारत ने अमेरिका से 7.12 बिलियन डॉलर और मॉरीशस (अब चौथे स्थान पर) से 2 बिलियन डॉलर का FDI आकर्षित किया।
- 8.30 बिलियन डॉलर के विदेशी अंतर्वाह के साथ सिंगापुर अप्रैल-सितंबर 2020-21 में भारत के लिए FDI का शीर्ष स्रोत बना रहा। देश को केमैन आइलैंड से 2.1 बिलियन डॉलर का अंतर्वाह प्राप्त हुआ है।

**5.** भारत सरकार ने किस बैंक के साथ पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक वित्त सुधारों हेतु डिजिटल प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देने के लिए 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण समझौता किया है________**एशियाई विकास बैंक।**

**नोट:**

- कार्यक्रम के पूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के माध्यम से राज्य की वित्तीय और सूचना प्रणालियों के एकीकरण से सार्वजनिक सेवाओं के वितरण में सुधार करने और राजकोषीय बचत उत्पन्न करने में मदद मिलेगी जो विकास वित्तपोषण को बढ़ाकर राज्य के संवर्धन में मदद कर सकते हैं।
- अंतर-सरकारी ई-प्लेटफॉर्म के समर्थन के माध्यम से, कार्यक्रम पेंशन और भविष्य निधि जैसे सामाजिक सुरक्षा लाभों को संगत बनाना, अलग-अलग डेटा की सुविधा, कर भुगतान और राजस्व संग्रह को सुनिश्चित करेगा।

**6.** भारतीय रिजर्व बैंक ने किस बैंक को अपने कार्यक्रम डिजिटल 2.0 के तहत नियोजित डिजिटल व्यापार सृजन गतिविधियों के सभी लॉन्चों को अस्थायी रूप से रोकने का आदेश जारी किया है________**HDFC बैंक।**

**नोट:**

- 21 नवंबर को HDFC बैंक की इंटरनेट बैंकिंग और भुगतान प्रणाली बाधित होने के बाद 2 दिसंबर का आदेश जारी हुआ।
- HDFC बैंक की पिछले दो वर्षों में इस तरह की विभिन्न घटनाओं के लिए आलोचना हुई है। RBI ने HDFC बैंक के शीर्ष नेतृत्व को इसकी जांच करने और जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया है।
- HDFC बैंक भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक है और इसका बाजार पूंजीकरण 7.7 लाख करोड़ रुपये है।

**7.** भारत के किस राज्य में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए एशियाई विकास बैंक (ADB) ने 430 मिलियन अमेरिकी डॉलर की बहु-किश्त वित्तपोषण सुविधा (MFF) को मंजूरी दी है________**उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**


- उत्तर प्रदेश पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क रिहैबिलिटेशन प्रॉजेक्ट राज्य में बिजली आपूर्ति की दक्षता और निरंतरता में सुधार करेगी।
- यह परियोजना 46,000 गांवों में लगभग 70 मिलियन लोगों को लाभान्वित करने के लिए 65,000 किमी ग्रामीण लो वोल्टेज वितरण लाइनों को अनावृत चालकों से एरियल बंडल चालकों में रूपांतरण को वित्तपोषित करेगी।

**8.** किस बैंक ने ऑनलाइन ऋण प्रसंस्करण को बढ़ाने तथा सटीकता बनाए रखने और क्रेडिट प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए 'LenS- द लेंडिंग सॉल्यूशन' नामक एक तकनीक-आधारित ऋण प्रबंधन समाधान शुरू किया है_______**पंजाब नेशनल बैंक।**

**नोट:**

- ऋण प्रसंस्करण के लिए प्रणाली, प्रक्रिया और मूल्यांकन प्रारूपों को मानकीकृत करना, ऋण मंजूरी की प्रक्रिया को तेज करना, और ऋण दस्तावेजों का ऑटो-जनरेशन इसकी शुरुआत के पीछे का मुख्य उद्देश्य है।





- MSME, कृषि, खुदरा और अन्य ऋण जैसे सभी प्रकार के ऋणों के लिए, प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से लागू किए जाने की उम्मीद है।

**9.** किस बैंक ने एक प्रीमियम बैंकिंग कार्यक्रम शुरू किया है जो छोटे व्यवसाय के मालिकों से लेकर वेतनभोगी पेशेवरों और वरिष्ठ नागरिकों तक प्रमुख उपभोक्ता खंड की विशेष जरूरतों पर केंद्रित व्यक्तिगत समाधान प्रदान करता है ______**यस बैंक।**

**नोट:**

- यस बैंक 1 दिसंबर से 7 दिसंबर, 2020 तक 'ट्रूली योर्स' सप्ताह के दौरान पूरे भारत में बैंक शाखा नेटवर्क में, डीलर, OEM और बैंकएश्योरेंस साझेदारों के माध्यम से कई ग्राहक केंद्रित कार्यक्रम और सक्रिय गतिविधियों के साथ इस संवर्धित कार्यक्रम के शुभारंभ का जश्न मनाएगा।

**10.** किस बैंक ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के साथ MSME उधारकर्ताओं के लिए उसके परिसंपत्ति पुनर्गठन मॉड्यूल का उपयोग करने के लिए एक समझौता किया है______ **इंडियन बैंक।**

**नोट:**

- MSME को कार्यशील पूंजी चक्र में उनके अनुमान और संशोधन के आधार पर ऋण वित्त का लाभ उठाने / उनके ऋण पुनर्गठन के लिए बैंकों / एफआई हेतु खाता पुस्तकों के रखरखाव, वित्तीय विवरण तैयार करने और वित्तीय अनुमान प्रस्तुत करने में कठिनाई हो रही है।
- MSME को इस उद्देश्य के लिए तृतीय पक्ष से संपर्क करना होगा जिसमें समय और लागत लगेगी।

**11.** किस बैंक ने रुपिफी और वीजा के साथ साझेदारी में MSMEs के लिए रूपिफी बिजनेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है ______**एक्सिस बैंक।**

**नोट:**

- वीज़ा द्वारा संचालित यह संपर्क रहित को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड केवल MSME व्यवसायों के लिए प्रयोज्य है, जो अपनी व्यापार खरीद के लिए रूपिफी पैन (स्थायी खाता संख्या) इंडिया के साथ भागीदारी के एग्रीगेटर प्लेटफार्मों पर लेनदेन करते हैं।
- कार्ड ऐसे MSME को ऋण समाधान प्रदान करता है। यह केवल घरेलू लेनदेन के लिए है।

**12.** हाल ही में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने चलनिधि प्रबंधन को अधिक कुशल बनाने हेतु किन बैंकों के लिए चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) का विस्तार करने का निर्णय लिया है_______**क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक।**


**नोट:**

- तदनुसार, शीर्ष बैंक ने RRB के लिए चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) और सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसने RRB को कॉल / नोटिस मनी मार्केट में उधारकर्ताओं और उधारदाताओं दोनों के रूप में भाग लेने की अनुमति देने का फैसला किया है।
- RRB को वर्तमान में रिजर्व बैंक की चलनिधि विंडों के साथ-साथ कॉल / नोटिस मनी मार्केट तक पहुंच की अनुमति नहीं है।

**13.** भारतीय रिजर्व बैंक ने 1 जनवरी, 2021 से कॉन्टेक्टलेस कार्ड लेनदेन की सीमा 2,000 रुपये प्रति लेन-देन से बढ़ाकर कितनी करने का प्रस्ताव किया है______ **5,000 रुपये।**

**नोट:**





- ➢ इसी प्रकार, आवर्ती लेनदेन के लिए कार्ड और प्रीपेड भुगतान के साधन (PPI) पर ई-आदेश और स्थायी निर्देशों को संसाधित करने की सीमा को बढ़ाकर 5,000 रुपये कर दिया गया है।
- ➢ यह घोषणा 4 दिसंबर, 2020 को हुई RBI की मौद्रिक नीति घोषणा का हिस्सा थी।

**14.** पेटीएम ने MSME को तत्काल डिजिटल ऋणों से सशक्त बनाने के लिए किस लघु वित्त बैंक के साथ भागीदारी की है______ **सूर्योदय लघु वित्त बैंक।**

**नोट:**

- ➢ कंपनी उन व्यवसायों को तत्काल माइक्रोलोन प्रदान कर रही है जो पारंपरिक बैंकिंग कंपनियों से वित्तीय सेवाओं प्राप्त करने में असमर्थ हैं।
- ➢ इस साझेदारी के माध्यम से कंपनी अगले 12 से 18 महीनों में 1 लाख से अधिक लघु व्यवसायों को ऋण वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित कर रही है।

**15.** नाबार्ड के कर्नाटक के क्षेत्रीय कार्यालय ने वाटरशेड विकास और आदिवासी विकास परियोजनाओं के लाभार्थियों को रियायती पुनर्वित्त सुविधा का विस्तार करने के लिए किस बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए______**भारतीय स्टेट बैंक।**

**नोट:**

- ➢ MoU का लक्ष्य 28 जिलों में 260 किसान उत्पादक संगठनों के 45000 लाभार्थियों को लाभान्वित करना है। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों और संयुक्त देयता समूहों के 8500 लाभार्थियों को कवर किया जाएगा।
- ➢ MoU हस्ताक्षर करने से SBI स्वयं सहायता समूहों के डिजिटलीकरण के लिए एक कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में काम करने और पूरे राज्य में ई-शक्ति पोर्टल पर डेटा अपलोड करने में सक्षम बनेगा।

**16.** वित्तीय समाधान प्रदाता रेजरपे ने लघु व्यवसायों और फ्रीलांसरों के लिए अंतर्राष्ट्रीय भुगतान की सुविधा हेतु किस वैश्विक डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म के साथ भागीदारी की है______**पेपल।**

**नोट:**

- ➢ कंपनी का व्यवसाय अब पेपल के साथ एकीकृत हो सकता है और 200 बाजारों से अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों द्वारा सुविधाजनक, तेज और सुरक्षित तरीके से भुगतान स्वीकार कर सकता है।

**17.** फिनटेक कंपनी फिनइन ने किस बैंक के साथ साझेदारी में स्वयं को 'नियोबैंक' के रूप में लॉन्च किया_______ **SBM बैंक।**


**नोट:**

- ➢ यह उपयोगकर्ता के खर्च का विस्तृत विश्लेषित विवरण और पूर्व-निर्धारित सीमा से आगे जाने पर संकेत भेजना और पैसे का लिक्विड फंडों में आटोमैटिक स्वीप जैसी सुविधाएं प्रदान करेगा।
- ➢ बैंक सफेदपोश श्रमिकों और फ्रीलांसरों को लक्षित करेगा और लॉन्च से पहले 15,000 लोगों की प्रतीक्षा सूची होगी। इसने छह महीने में 50,000 खाते खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**18.** केटो भारत के सहयोग से किस जीवन बीमा कंपनी ने एक राष्ट्रव्यापी क्राउडफंडिंग अभियान #PromisewalaDabba की शुरुआत की है _______**HDFC लाइफ।**

**नोट:**





- #PromiseWalaDabba को मुंबई के डब्बावालों की सहायता के लिए बीमा कंपनी द्वारा शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य मुंबई के डब्बावालों को उनके घर मासिक राशन आपूर्ति वितरण प्रदान करके एक बार फिर अपने पैरों पर खड़े होने में मदद करना है।
- भारत का अग्रणी क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म केटो ने अभियान के भाग के रूप में इसके लिए धन जुटाने हेतु एक प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करने के लिए HDFC लाइफ के साथ भागीदारी की है।

**19.** किस बैंक और NPCI के साथ साझेदारी में पेनियरबाय ने पेनियरबाय शॉपिंग कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की, जो इसके खुदरा भागीदारों को व्यापक बाजार श्रेणी में डिजिटल कॉमर्स का अधिकतम लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाता है________ **यस बैंक।**

**नोट:**

- नई सेवा पेनियरबाय खुदरा विक्रेताओं को सुरक्षित, जोखिम-मुक्त माध्यम में अनेक डिजिटल सेवाएं प्राप्त करने की अनुमति देगी। खुदरा विक्रेता ई-लर्निंग, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन गेमिंग, मासिक रिचार्ज और उपयोगिता भुगतान, ऑनलाइन संगीत और वीडियो जैसी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।
- पेनियरबाय शॉपिंग कार्ड रुपे द्वारा संचालित है और इसका लक्ष्य व्यापक बाजार अभिग्रहण को सक्षम बनाना है। यह संभवत: जमीनी स्तर पर नकदी डिजिटलीकरण विकल्पों की अनुमति देगा।

**20.** किस क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने किसानों के लिए 'कृषि ओडी' योजना शुरू की है______**कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक (KVGB)।**

**नोट:**

- किसानों को भूमि के मूल्य के आधार पर एक ओडी सुविधा प्रदान की जाती है। यह सीमा सिंचित भूमि के लिए अधिकतम 1.5 लाख रुपये प्रति एकड़ और शुष्क भूमि के लिए 1 लाख रुपये प्रति एकड़ है।
- इस सुविधा का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं जैसे मशीनरी और उपकरण का रखरखाव, मशीनरी की मरम्मत और प्रतिस्थापन, कृषि संबद्ध गतिविधियों और यहां तक कि व्यक्तिगत उपयोग हेतु लिए गए निजी ऋणों के पुनर्भुगतान में किया जा सकता है।

**21.** एशियाई विकास बैंक (ADB) ने किस शहर में बिजली वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण और उन्नयन हेतु 190 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है______**बेंगलुरु।**


**नोट:**

- ADB द्वारा बेंगलुरु स्मार्ट एनर्जी एफिशिएंट पावर डिस्ट्रीब्यूशन प्रॉजेक्ट के लिए निधि में बेंगलुरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड (BESCOM) को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का संप्रभु ऋण और 90 मिलियन अमेरिकी डॉलर का गैर-संप्रभु ऋण शामिल है।
- इसमें राज्य सरकार के स्वामित्व वाले उद्यम के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के ऋणों को संयुक्त करते हुए ADB की ओर से अपनी तरह की पहली नवीन वित्तपोषण व्यवस्था शामिल है।

**22.** किस बैंक ने 'फिनटेक' क्षेत्र में प्रवेश किया है और एक ऐप लॉन्च किया है जो किसी भी बैंक के ग्राहकों को भुगतान और बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है ________**ICICI बैंक।**

**नोट:**





- मोबाइल एप्लिकेशन बचत खाता, निवेश, ऋण, क्रेडिट कार्ड, गिफ्ट कार्ड, ट्रैवल कार्ड इत्यादि जैसी तत्काल बैंकिंग सेवाओं के साथ ग्राहकों को किसी भी UPI ID या व्यापारियों को भुगतान करने, बिलों का भुगतान करने और ऑनलाइन रिचार्ज करने में सक्षम बनाने जैसे अनेक प्रकार की भुगतान ऐप सुविधाएं प्रदान करता है।
- इसके अलावा, 'iMobile Pay' के उपयोगकर्ता किसी भी बैंक खाते, भुगतान ऐप और डिजिटल वॉलेट में भी धन हस्तांतरित कर सकते हैं।

**23.** नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (ni-msme) और भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) ने देश के MSME में डिजिटलीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने की क्षमता निर्माण पहल 'डिजिटल सक्षम' लॉन्च करने के लिए किस फिनटेक कंपनी के साथ साझेदारी की है__________ **मास्टरकार्ड।**

**नोट:**

- डिजिटल सक्षम एक विस्तारक कार्यक्रम है जिसे MSME के डिजिटल ज्ञान और स्वीकृति बढ़ाने के माध्यम से उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- भारत के सात राज्यों के 25 शहरों में डिजिटल सक्षम जारी किया जाएगा।

**24.** किस स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने ग्राहकों को उनके अड़ोस-पड़ोस में बैंकिंग सेवाएं सुलभ बनाने के लिए एक नया चैनल 'मनी मित्रा' शुरू किया है__________ **उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

**नोट:**

- मनी मित्रा विशेष रूप से उज्जीवन SFB ग्राहकों को खुदरा बैंकिंग समाधान प्रदान करने के लिए किराना / मेडिकल स्टोर या बीमा एजेंसियों जैसे स्थानीय व्यवसायों के उद्यमियों को सुविधा प्रदान करता है।
- वर्तमान में, उज्जीवन SFB ने देश भर में 100 से अधिक मनी मित्रा आउटलेट स्थापित किए हैं।

**25.** किस सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करने के लिए 'आत्मनिर्भर वूमन स्कीम' शुरू की है__________ **बैंक ऑफ बड़ौदा।**

**नोट:**

- यह शुरुआत बैंक के बड़ौदा गोल्ड लोन का हिस्सा है।
- यह शुरुआत भारत में 18 ज़ोन के अंतर्गत आने वाली 18 शाखाओं में एक साथ की गई थी।
- इस योजना के तहत महिलाएं 0.50% रियायत पर ऋण प्राप्त कर सकती हैं।

**26.** किस बैंक ने भारत में उन्नत जैव ईंधन विकास का समर्थन करने के लिए 2.5 मिलियन डॉलर की तकनीकी सहायता को मंजूरी दी है______**विश्व बैंक।**

**नोट:**

- इस अनुदान को एशिया क्लीन एनर्जी फंड से वित्त पोषित किया गया है, जो जापान सरकार द्वारा क्लीन एनर्जी फाइनेंसिंग पार्टनरशिप फैसिलिटी और कोरिया गणराज्य के ई-एशिया और नॉलेज पार्टनरशिप फंड के तहत वित्तपोषित है।
- इस प्रतिबद्धता के साथ, ADB भारत सरकार की राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति का समर्थन करता है, जिसे 2018 में स्थापित किया गया था।

**27.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने किस राज्य के कराड जनता सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया_______**महाराष्ट्र।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

- इसका अर्थ है कि बैंक को कोई भी जमा स्वीकारने या कोई भी भुगतान करने से प्रतिबंधित किया गया है।
- हालांकि, बैंक के जमाकर्ताओं को भुगतान करने की प्रक्रिया चालू की जाएगी।

**28.** किस बैंक ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सभी मौद्रिक लेनदेन हेतु सभी वित्तीय संस्थानों के लिए अभिहित बैंक होने का आदेशपत्र हासिल किया________**ICICI बैंक।**

**नोट:**

- यह NHM के लिए एकल बैंक खाता प्रणाली को लागू करने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले की तर्ज पर है।
- इसके तहत, सभी वित्तीय लेनदेन ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित किए जाएंगे, जो बैंक खातों के साथ एकीकृत होंगे।

**29.** एशियाई विकास बैंक ने अपने एशियन डेवलपमेंट आउटलुक में वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में कितने प्रतिशत के संकुचन का अनुमान लगाया है ________**8 प्रतिशत।**

**नोट:**

- इससे पहले बैंक द्वारा अनुमान लगाया गया था कि भारत की GDP 9% संकुचित होगी। यह बैंक द्वारा भारत का GDP पूर्वानुमान है। वृद्धि का अनुमान 8% रखा गया है। ये घोषणाएं एशियन डेवलपमेंट आउटलुक का हिस्सा हैं।
- एशियन डेवलपमेंट आउटलुक के अनुसार, विकासशील एशिया वर्ष 2020 में 0.4% संकुचन और 2021 में 6.8% की वृद्धि करेगा।

**30.** किस टेलीकॉम कंपनी ने स्काईलो के साथ साझेदारी में भारत में नैरो बैंड इंटरनेट ऑफ थिंग्स नेटवर्क का पहला सैटेलाइट लॉन्च किया _________**BSNL।**

**नोट:**

- यह सैटेलाइट आधारित नैरोबैंड इंटरनेट ऑफ थिंग्स प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण खोज के लिए है।
- यह भारत में किसानों, मछुआरों, निर्माण और लॉजिस्टिक एंटरप्राइजेज की मदद करने वाले डिजिटल इंडिया मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगा।

**31.** किस बैंक ने कई जीवन बीमा उत्पाद प्रदान करने के लिए ICICI प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के साथ एक बैंकएश्योरेंस समझौता किया है_________ **RBL बैंक।**

**नोट:**


- यह साझेदारी RBL बैंक के 8.7 मिलियन से अधिक ग्राहकों को ICICI प्रूडेंशियल लाइफ के ग्राहक-केंद्रित संरक्षण और दीर्घकालिक बचत उत्पादों तक पहुंच और उन्हें खरीदने की सुविधा देगी।
- यह जीवन बीमा कवर के माध्यम से ग्राहकों और उनके परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।

**32.** किस बीमाकर्ता ने भारत के टियर 2 और 3 शहरों में बीमा पैठ बढ़ाने के लिए महिंद्रा इंश्योरेंस ब्रोकर्स लिमिटेड (MIBL) के साथ रणनीतिक साझेदारी की है ________**SBI जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड।**

**नोट:**

- MIBL ने अपने 'साझेदारी कार्यक्रम' के तहत SBI जनरल इंश्योरेंस के साथ सहयोग किया है।
- यह एसोसिएशन कंपनी को टियर- II और III शहरों में लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करने में सक्षम बनाता है और रोजगार भी सृजित करता है।





**33.** किस बैंक ने भारतीय MSME (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) को कोविड-19 महामारी से उबरने में मदद करने के लिए हकदर्शक इम्पॉवरमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ भागीदारी की है_______ **DBS बैंक इंडिया।**

**नोट:**

- यह सहायता नए लॉन्च किए गए हकदर्शक MSME प्लेटफॉर्म के माध्यम से होगी।
- यह प्लेटफॉर्म भारत में वित्तपोषण के लिए पंजीकरण, प्रलेखन और आवेदन सहित भारतीय उद्यमों को MSME-केंद्रित सरकारी कल्याण योजनाओं तक पहुंचने में मदद करता है।
- DBS बैंक इंडिया, DBS बैंक लिमिटेड, सिंगापुर के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

**34.** किस जीवन बीमा कंपनी ने उन फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्करों की सराहना करने के लिए एक विशेष पहल 'गॉट यू कवर्ड' शुरू की है जो लोगों को कोविड-19 महामारी से बचाने के लिए प्रयासरत है _______**भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस।**

**नोट:**

- भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत युवाओं को नि: शुल्क कौशल और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने वाले कौशल विकास संगठन, प्राइमरो स्किल्स एंड ट्रेनिंग के साथ समझौता किया है, ताकि वह अपने स्वास्थ्य कर्मियों को मौजूदा कोविड महामारी के दौरान जीवन और स्वास्थ्य जोखिमों के सामने सुरक्षा प्रदान करके सहायता कर सकें।
- कंपनी #GotYouCovered पहल को बढ़ावा देगी और लोगों को फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्करों के प्रयासों को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

**35.** किस फिनटेक कंपनी के साथ साझेदारी में, यस बैंक ने भारत के अमीर और उच्च निवल संपत्ति वाले व्यक्तियों के लिए 'यस प्राइवेट प्राइम क्रेडिट कार्ड' लॉन्च किया________**मास्टरकार्ड।**

**नोट:**

- कार्ड मास्टरकार्ड वर्ल्ड एलीट प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। कार्ड पूरी तरह से लाइफस्टाइल क्रेडिट कार्ड है।
- यस प्राइवेट प्राइम क्रेडिट कार्ड अपने मूल्यवान ग्राहकों को प्रीमियम और अनन्य सेवाएं देने के लिए यस बैंक की रणनीति के अनुरूप है।

**36.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने दिसंबर 2020 में किस बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावना न होने के कारण किस बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया ________**कराड जनता सहकारी बैंक।**

**नोट:**


- महाराष्ट्र के कोऑपरेशन और रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ के आयुक्त से बैंक को बंद करने और बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है।
- RBI ने कहा कि उसने बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया क्योंकि बैंक के पास "पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावना नहीं है"।

**37.** किस बैंक ने न्यूजीलैंड में NRI और लघु व्यवसायों द्वारा भारत के लिए कम लागत के धन हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करने के लिए ऑर्बिट रेमिट लिमिटेड के साथ करार किया है_______ **फेडरल बैंक।।**

**नोट:**

- न्यूजीलैंड स्थित एक प्रमुख पूर्ण-सेवा प्रदाता ऑर्बिट रेमिट लिमिटेड की ऑस्ट्रेलिया, यूके जैसे अन्य देशों में मौजूदगी है और वर्तमान में यह दुनिया भर के लगभग 39 देशों में धन भेजने की सेवाएं प्रदान करती है।





## श्रद्धांजलियां

**1.** प्रसिद्ध व्यक्ति एस. रामकृष्णन का हाल ही में निधन हो गया, वह किस संस्थान के पूर्व निदेशक थे _______ **विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC)।**

**नोट:**

- श्री रामकृष्णन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी से स्नातक करने और आईआईटी, मद्रास से एयरोनॉटिक्स में एमटेक करने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के एक प्रमुख केंद्र VSSC में अगस्त 1972 में शामिल हुए।
- वह ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नेतृत्व में भारत के पहले उपग्रह प्रक्षेपण वाहन के विकास के लिए उत्तरदायी SLV-3 प्रॉजेक्ट टीम के सदस्य के रूप में शामिल हुए।

**2.** प्रसिद्ध व्यक्ति मीर जफरुल्लाह खान जमाली का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश के पूर्व प्रधानमंत्री थे _____ **पाकिस्तान।**

**नोट:**

- बलूचिस्तान से देश के पहले और एकमात्र निर्वाचित प्रधानमंत्री जमाली ने जनरल परवेज मुशर्रफ के सैन्य शासन के दौरान सेवा की थी। हालांकि, जनरल मुशर्रफ ने 2004 में उनसे इस्तीफा मांग लिया और उनकी जगह शौकत अजीज ने ले ली।
- उन्होंने वर्ष 2013 के आम चुनावों में एक निर्दलीय के रूप में जीत हासिल की, लेकिन बाद में PML-N में शामिल हो गए और वह पिछली असेंबली में ट्रेजरी बेंच पर काबिज थे।

**3.** प्रसिद्ध व्यक्ति मनु मुखर्जी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे______**अभिनेता।**

**नोट:**

- अभिनेता को सत्यजीत रे की जॉय बाबा फेलुनाथ और गणशत्रु में उनकी भूमिकाओं के लिए सर्वाधिक याद किया जाता है।
- वह बच्चों की काल्पनिक फिल्म पातालघर का भी हिस्सा थे।

**4.** इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व प्रमुख दिनेश्वर शर्मा का हाल ही में निधन हो गया, वह किस केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासक थे_______ **लक्षद्वीप।**


**नोट:**

- 1979 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (IPS) अधिकारी श्री शर्मा बिहार से थे। उन्होंने 2014 से 2016 तक आईबी निदेशक के रूप में कार्य किया। उन्होंने तब ब्यूरो का नेतृत्व किया जब सरकार ने 8 नवंबर 2016 को विमुद्रीकरण की घोषणा की।
- उन्हें 30 मई, 2017 को उत्तर पूर्वी राज्यों में विभिन्न समूहों के साथ शांति वार्ता के लिए केंद्र सरकार का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया था।

**5.** प्रसिद्ध व्यक्ति वालेरी गिसकार्ड डि'एस्टिंग का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश के पूर्व राष्ट्रपति थे ______ **फ्रांस।**

**नोट:**





- गिसकार्ड 48▯ वर्ष की आयु में वर्ष 1974 में राष्ट्रपति चुने गए और युद्ध के बाद फ्रांस के सबसे युवा नेता बने।
- वह एक तीव्र एंग्लोफाइल भी थे, और उन्होंने ब्रिटेन के यूरोपीय आर्थिक समुदाय में शामिल होने के एक वर्ष बाद पदभार संभाला।

**6.** प्रसिद्ध व्यक्ति धरमपाल गुलाटी का हाल ही में निधन हो गया, वह किस कंपनी के मालिक थे ______**MDH।**

**नोट:**

- लोकप्रिय रूप से 'मसालों का राजा' कहे जाने वाले गुलाटी को वर्ष 2019 में देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।
- MDH दुनिया भर के देशों जैसे स्विट्जरलैंड, जापान, अमेरिका और कनाडा को मसालों का निर्यात करती है। यह मसालों के सबसे बड़े ब्रांडों में से एक है, और लगभग 50 प्रकार के मसाले बनाती है।

**7.** महान फुटबॉलर पापा बोउबा डियोप का हाल ही में निधन हो गया, उन्होंने किस देश के फुटबॉल खेला ______**सेनेगल।**

**नोट:**

- वह 42 वर्ष के थे। उनके गोल ने सेनेगल को 2002 फीफा विश्व कप के उद्घाटन मैच में तत्कालीन विश्व चैंपियन फ्रांस पर 1-0 की ऐतिहासिक जीत और सेनेगल का फीफा विश्व कप में पहला मैच जीतने में मदद की।
- डियोप ने सेनेगल के लिए 63 गोल किए।

**8.** प्रसिद्ध व्यक्ति मधुकर गंगाधर का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _________**हिंदी लेखक।**

**नोट:**

- श्री गंगाधर का जन्म 7 जनवरी 1932 को बिहार के पूर्णिया जिले में हुआ था। उनका अंतिम संस्कार उनके मूल निवास स्थान पर किया गया।
- श्री गंगाधर ने पूर्णिया इंटर कॉलेज और पटना विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और पटना आकाशवाणी में काम किया और बाद में आकाशवाणी इलाहाबाद निदेशक के रूप में भी कार्य किया।
- उन्होंने नई दिल्ली में आकाशवाणी उप महानिदेशक (DDG) के पद पर भी काम किया।

**9.** प्राय: फाइबर ऑप्टिक्स के जनक के रूप में जाने जाने वाले, नरिंदर सिंह कपानी का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश के नागरिक थे_______**अमेरिका।**


**नोट:**

- कपानी वर्ष 1954 में फाइबर ऑप्टिक्स के माध्यम से तस्वीर भेजने वाले पहले व्यक्ति थे और उन्होंने हाई-स्पीड इंटरनेट प्रौद्योगिकी की नींव रखी।
- उन्होंने न केवल फाइबर ऑप्टिक्स की स्थापना की बल्कि व्यवसाय के लिए अपने स्वयं के आविष्कार का प्रयोग भी किया।
- उन्होंने वर्ष 1960 और 1973 में क्रमशः ऑप्टिक्स टेक्नोलॉजी इनकॉर्पोरेशन और कैप्ट्रोन इनकॉर्पोरेशन की स्थापना की।

**10.** प्रख्यात व्यक्ति विद्यावाचस्पति बनानजे गोविंदाचार्य का हाल ही में निधन हो गया, वह किस भाषा के विद्वान थे ________ **संस्कृत और कन्नड़।**

**नोट:**





- उन्होंने माधव दर्शन पर संस्कृत में 100 से अधिक पुस्तकों और 4,000 पृष्ठों के लेखन के अलावा, इस विषय पर गहन शोध किया था।
- उन्होंने वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण, भागवत और पुराणों पर टीका-टिप्पणी लिखी थीं।
- उन्हें 2009 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
- उन्होंने 'भगवद गीता', 'आदि शंकराचार्य' और 'माधवाचार्य' फिल्मों के लिए पटकथा लिखी थी।

**11.** प्रसिद्ध व्यक्ति जॉन ले कैर का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे ________ **उपन्यासकार।**

**नोट:**

- लेखक, जिसका वास्तविक नाम डेविड जॉन मूर कॉर्नवेल था, ने 60 वर्ष के अधिक लंबे करियर में 25 उपन्यास और एक संस्मरण लिखा, दुनिया भर में लगभग 60 मिलियन किताबें बेचीं।
- जासूसी उपन्यासों में ब्रिटिश खुफिया तंत्र के केंद्र में विश्वासघात की खोज करते हुए ले कैर ने सोवियत संघ और पश्चिम के बीच लड़ाई के लाखों नैतिक अस्पष्टताओं को परिभाषित करके शीत युद्ध के बारे में पश्चिमी धारणाओं को चुनौती दी।

**12.** प्रख्यात व्यक्ति मंगलेश डबराल का हाल ही में निधन हो गया, वह किस भाषा के अनुभवी कवि थे ________**हिंदी।**

**नोट:**

- सरकारी नीतियों के आलोचक के रूप में, उन्होंने देश में असहिष्णुता के बढ़ते माहौल के विरोध में 2015 में अपना साहित्य अकादमी पुरस्कार लौटा दिया।
- उन्होंने जनसत्ता की रविवार की पत्रिका, रविवारी के संपादक के रूप में काम किया।
- चार पन्नों की साहित्यिक पत्रिका जनसत्ता में अपने लेखन के माध्यम से, उन्होंने हिंदी लेखकों की एक पीढ़ी को सलाह दी।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व एड्स दिवस 2020 का विषय क्या है _______**"एंडिंग द एचआईवी / एड्स महामारी: रेसिलिएंस एंड इम्पैक्ट**

**नोट:**

- यह दिवस 1988 से मनाया जा रहा है।
- यह HIV संक्रमण के प्रसार के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।
- यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के 11 आधिकारिक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है।

**2.** विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है________ **2 दिसंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं में तकनीकी कौशल को बढ़ावा देता है।
- विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस आज दुनिया में मौजूद अंतराल को नियंत्रित करता है।
- यह दिवस मूल रूप से भारतीय कंप्यूटर कंपनी NIIT द्वारा 2001 में अपनी 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुरू किया गया था।

**3.** राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है_______ **2 दिसंबर।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

- वर्ष 2020 भोपाल गैस त्रासदी की 36वीं वर्षगांठ है।
- इस दिवस के माध्यम से, वायु, जल और मृदा के बढ़ते प्रदूषण के बारे में जागरूकता उत्पन्न की जाती है, साथ ही प्रदूषण नियंत्रण कार्यों के संबंध में लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

**4.** अंतर्राष्ट्रीय दासता उन्मूलन दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है________ **2 दिसंबर।**

**5.** वर्ष 2020 के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय विकलांगजन दिवस' का विषय क्या है _________ **नॉट ऑल डिसएबिलिटीज़ आर विजिबल।**

**नोट:**

- वर्ष 2020 का विषय ‘नॉट ऑल डिसएबिलिटीज़ आर विजिबल’ है।
- यह दिवस समाज और विकास के सभी क्षेत्रों में विकलांगजनों के अधिकारों और भलाई को बढ़ावा देने और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के हर पहलू में विकलांगजनों की स्थिति के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।

**6.** प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को मनाए जाने वाले भारतीय नौसेना दिवस 2020 का विषय क्या है _______ **इंडियन नेवी कॉम्बैट रेडी, क्रेडिबल एंड कोहेशिव।**

**नोट:**

- हर वर्ष भारतीय नौसेना दिवस 4 दिसंबर को मनाया जाता है।
- हर वर्ष ऑपरेशन ट्राइडेंट की स्मृति में भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है।
- यह ऑपरेशन भारतीय नौसेना द्वारा 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान कराची हार्बर पर हमला करने के लिए शुरू किया गया था।

**7.** अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _______ **5 दिसंबर।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस 2020 का विषय ‘Together We Can Through Volunteering’ है।
- विश्व स्तर पर कोविड-19 महामारी के बीच, स्वयंसेवकों ने चिकित्सा, सामुदायिक और सामाजिक प्रतिक्रियाओं में बढ़ चढ़कर काम किया है।

**8.** अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है________**7 दिसंबर।**


**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन दिवस का उद्देश्य राष्ट्रों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन के महत्व के बारे में दुनिया भर में जागरूकता फैलाना और इसे सुदृढ़ करने में मदद करना है, और ICAO की अनूठी भूमिका राष्ट्रों की मदद करने और मानव जाति की सेवा में तीव्र पारगमन पारगमन की आवश्यकता का अनुभव करने की है।
- परिषद ने फैसला किया है कि अब से 2023 तक विषय: “Advancing Innovation for Global Aviation Development” होगा।

**9.** भारत में, सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है_________ **7 दिसंबर।**

**नोट:**





- इस दिन भारतीय सशस्त्र बलों की तीन शाखाओं- भारतीय थलसेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना को याद किया जाता है।
- भारत सरकार द्वारा पूर्व सैनिक (ESM) समुदाय के कल्याण और पुनर्वास के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष (AFFDF) का गठन किया गया है।

**10.** नरसंहार अपराध के पीड़ितों की स्मृति और प्रतिष्ठा तथा इस अपराध की रोकथाम का अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है________**9 दिसंबर।**

**नोट:**

- 9 दिसंबर कन्वेंशन ऑन द प्रिवेंशन एंड पनिशमेंट ऑफ द क्राइम ऑफ जीनोसाइड, 1948 ("जीनोसाइड कन्वेंशन") को अंगीकृत करने की वर्षगांठ है।
- इस वर्ष सम्मेलन की 71वीं वर्षगांठ है।

**11.** हर वर्ष 9 दिसंबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस 2020 का विषय क्या है________ **'RECOVER with INTEGRITY'।**

**नोट:**

- 31 अक्टूबर 2003 को यूनाइटेड नेशन्स कन्वेंशन अगेंस्ट करप्शन के पारित होने के बाद से यह दिवस मनाया जाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस 2020 का विषय: RECOVER with INTEGRITY
- विषय भ्रष्टाचार शमन के माध्यम से प्रतिलाभ पर ध्यान केंद्रित करता है और इस बात पर जोर देता है कि समावेशी कोविड-19 प्रतिलाभ केवल सत्यनिष्ठा के साथ प्राप्त किया जा सकता है।

**12.** संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा किस तारीख को अंतर्राष्ट्रीय महामारी तत्परता दिवस के रूप में मनाया जाएगा _______ **27 दिसंबर।**

**नोट:**


- यह दिवस स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सूचना के आदान-प्रदान, वैज्ञानिक ज्ञान और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के प्रसारण की सुविधा को दर्शाता है।
- इससे महामारी को रोकने और प्रतिक्रिया करने में मदद मिलेगी। अंगीकृत संकल्प ने महामारी और संक्रामक रोगों द्वारा उत्पन्न प्रभावों को बताते हुए गंभीर चिंता व्यक्त की। अनुकूलता के दौरान कोविड-19 का उदाहरण दिया गया था।
- दिवस का मुख्य उद्देश्य कोविड-19 जैसी स्थितियों को रोकना और दुनिया को ऐसे परिदृश्यों से लड़ने के लिए तैयार करना है।

**13.** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का विषय _______**Recover Better-Stand Up for Human Rights.**

**नोट:**

- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अंगीकृत करने के सम्मान में यह दिवस चुना गया।
- मानवाधिकार दिवस पर मानवाधिकार के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- इस वर्ष, मानवाधिकार दिवस "Recover Better-Stand Up for Human Rights" विषय के तहत मनाया गया।





**14.** प्रतिवर्ष, संयुक्त राष्ट्र द्वारा UNICEF दिवस किस तारीख को मनाया जाता है______**11 दिसंबर।**

**नोट:**

- यूनिसेफ (UNICEF) का पूरा नाम संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष है। इसकी शुरुआत द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण में सहायता, आपूर्ति और सुधार करने के लिए की गई थी।
- संगठन का मूल नाम यूनिसेफ (UNICEF) अर्थात संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष था।

**15.** संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर वर्ष 11 दिसंबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस 2020 का विषय क्या है________ **Mountain Biodiversity.**

**नोट:**

- पहाड़ों का संरक्षण महत्वपूर्ण है क्योंकि ये विश्व की 15% आबादी का आवास हैं। यहां पर आधे से अधिक विश्व जैव विविधता हॉटस्पॉट भी हैं।
- इसके अलावा, पहाड़ों का संरक्षण संधारणीय विकास लक्ष्यों के लक्ष्य 15 का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**16.** दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय तटस्थता दिवस किस तारीख को मनाया जाता है_______**12 दिसंबर।**

**नोट:**

- इसे फरवरी 2017 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित किया गया और पहली बार 12 दिसंबर, 2017 को मनाया गया।

**17.** यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे हर वर्ष मनाया जाता है______ **12 दिसंबर।**

**नोट:**

- वर्ष 2020 का विषय 'Health for all: protect everyone' है। इस संकट को समाप्त करने और एक सुरक्षित तथा स्वस्थ भविष्य का निर्माण करने के लिए, हमें उन स्वास्थ्य प्रणालियों में निवेश करना चाहिए जो हमारी रक्षा करती हैं।

**18.** ऊर्जा संरक्षण दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है______ **14 दिसंबर।**

**नोट:**

- हर वर्ष 14 दिसंबर को ऊर्जा मंत्रालय के तहत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ भावी पीढ़ियों हेतु ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर जागरूकता फैलाने के लिए ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाता है।
- यह दिवस जलवायु परिवर्तन शमन की दिशा में काम करते हुए ऊर्जा दक्षता और संरक्षण में भारत की उपलब्धियां प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है।


## नई नियुक्तियां

**1.** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (AU) की पहली महिला उप-कुलपति _______**प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव।**

**नोट:**

- वह AU में इस पद के लिए चुनी गई पहली महिला हैं।
- प्रोफेसर श्रीवास्तव इलाहाबाद विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की पूर्व प्रमुख हैं।





- अपनी नई नियुक्ति के बाद, उन्हें कुलपति और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आदेश पर प्रोफेसर राजेंद्र सिंह विश्वविद्यालय की उप-कुलपति के वर्तमान प्रभार से मुक्त किया गया।

2. लोकसभा और लोकसभा सचिवालय के महासचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया ____**उत्पल कुमार सिंह।**

**नोट:**

- उनकी नियुक्ति 1 दिसंबर, 2020 से लागू होगी। वह स्नेहलता श्रीवास्तव की जगह लेंगे।
- श्री सिंह उत्तराखंड कैडर के 1986 बैच के IAS अधिकारी हैं और उन्हें कैबिनेट सचिव के पद और दर्जे के समान लोकसभा महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

3. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) की अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया है _________ **वर्षा जोशी।**

**नोट:**

- भारत सरकार ने IAS अधिकारी वर्षा जोशी को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) की नई अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- वह वर्तमान में भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में पशुपालन और डेयरी विभाग की संयुक्त सचिव (CDD) के रूप में कार्यरत हैं।

4. नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा ट्रेजरी सेकेट्री किसे नामित किया गया है ________**कुमुद श्रीनिवासन।**

**नोट:**

- यदि इसकी पुष्टि की जाती है, तो वह ट्रेजरी विभाग के 231 वर्ष के इतिहास में इसका नेतृत्व करने वाली पहली महिला होंगी।
- 74 वर्षीय ने पहले महिला फेड चीफ के रूप में पूर्व की बाधाओं को पर किया।

5. ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविज़न आर्ट्स (BAFTA) की 'ब्रेकथ्रू इनिशिएटिव' का एंबेसडर किसे नियुक्त किया गया_________ **ए.आर. रहमान।**

**नोट:**

- नेटफ्लिक्स द्वारा समर्थित पहल का उद्देश्य भारत में फिल्म, गेम, या टीवी में काम करने वाली पांच प्रतिभाओं की पहचान करना, उन्हें मनाना और समर्थन करना है।
- BAFTA ब्रेकथ्रू इंडिया के भाग के रूप में, ब्रिटिश और भारतीय उद्योग विशेषज्ञों की एक निर्णायक समिति वार्षिक मार्गदर्शन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पूरे भारत से पांच प्रतिभाओं का चयन करेगा।

6. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया' अभियान का एंबेसडर किसे नियुक्त किया गया______**कुलदीप हांडू।**

**नोट:**


- हांडू, जो टीम इंडिया के वुशु कोच हैं, जम्मू-कश्मीर पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत हैं।
- फिट इंडिया मूवमेंट भारत में एक देशव्यापी आंदोलन है जो लोगों को अपने दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों और खेलों को शामिल करके स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रहने हेतु प्रोत्साहित करता है।

7. 2020-21 के लिए उद्योग चैंबर फिक्की का अध्यक्ष किसे नामित किया गया है __________ **उदय शंकर।**

**नोट:**

- शंकर फिक्की की 93वीं वार्षिक बैठक के दौरान फिक्की की अध्यक्ष और अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप की संयुक्त प्रबंध निदेशक संगीता रेड्डी की जगह लेंगे।





- वर्तमान में शंकर एशिया प्रशांत के लिए द वॉल्ट डिज़नी कंपनी के अध्यक्ष और स्टार और डिज़नी इंडिया के अध्यक्ष हैं।

**8.** वर्ल्ड एलपीजी एसोसिएशन (WLPGA) का पहला उपाध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया_________ **एस.एम. वैद्य।**

**नोट:**

- श्री एस.एम. वैद्य को वर्ल्ड एलपीजी एसोसिएशन (WLPGA) के पहले उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है, वर्ल्ड एलपीजी एसोसिएशन (WLPGA) पूर्ण LPG मूल्य श्रृंखला का प्रतिनिधित्व करने वाली वैश्विक WLPGA उद्योग की आधिकारिक संस्था है।
- श्री एस.एम. वैद्य वर्तमान में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष हैं।

**9.** वह भारतीय अमेरिकी डॉक्टर जिन्हें अमेरिकी नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन के सर्जन जनरल के रूप में नियुक्त किया गया है______ **डॉ. विवेक मूर्ति।**

**नोट:**

- 43 वर्षीय मूर्ति कोविड-19 प्रतिक्रिया दल का नेतृत्व करेंगे।
- उन्होंने ओबामा प्रशासन के दौरान भी सर्जन जनरल के रूप में कार्य किया।
- सीनेट द्वारा डॉ. मूर्ति की पहले 2014 और 2017 के बीच 'अमेरिकाज़ डॉक्टर' के रूप में पद संभालने के लिए इसी पद पर सेवा करने की पुष्टि की गई थी।

**10.** नए लॉन्च किए गए 'WHO फाउंडेशन' जो दुनिया भर में बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को दूर करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ काम करता है, के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में किसे नियुक्त किया गया ______**अनिल सोनी।**

**नोट:**

- सोनी अगले वर्ष 1 जनवरी को WHO फाउंडेशन के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अपना पद ग्रहण करेंगे।
- अपनी नई भूमिका में, श्री सोनी फाउंडेशन की अभिनव, साक्ष्य-आधारित पहलों में निवेश में तेजी लाएंगे, जो स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने और सभी के कल्याण हेतु WHO के मिशन को पूरा करने में उसकी सहायता करती हैं।

**11.** जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे नियुक्त किया गया ________ **न्यायमूर्ति राजेश बिंदल।**

**नोट:**

- वह 9 दिसंबर, 2020 को पदभार ग्रहण करेंगे। वह इस न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति गीता मित्तल की जगह लेंगे।
- भारत के राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 223 द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए उन्हें नियुक्त किया।
- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के लिए आम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति से पहले, उन्होंने इस न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश के रूप में कार्य किया।

**12.** IJF के अध्यक्ष मारियस वीज़र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जूडो फेडरेशन (IJF) के क्लाइमेट एंबेसडर के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया ______ **सबरीना फिल्ज़मोसर और फ्लेवियो कैंटो।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

**नोट:**

- इस जोड़ी द्वारा अब ग्लोबल वार्मिंग के बारे में वार्ता करने और इस संदेश को प्रसारित करने में एक सकारात्मक प्रभाव के रूप में जूडो का उपयोग करने की उम्मीद है।

**13.** विश्व स्क्वैश फेडरेशन (WSF) का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया ______**जेना वूल्ड्रिज।**

**नोट:**

- वह 1967 में फेडरेशन की स्थापना के बाद से 10वीं WSF अध्यक्ष बनेंगी।
- वह न्यूजीलैंड की सूसी सिमकॉक के बाद दूसरी महिला अध्यक्ष हैं।

**14.** अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ महासंघ (IGF) का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया_________ **एनिका सोरेनस्टैम।**

**नोट:**

- IGF के अध्यक्ष, पीटर डॉसन, 10 वर्ष के नेतृत्व और सेवा के बाद पद त्याग रहे हैं।
- सोरेनस्टैम, LPGA टूर की 72 बार की विजेता और स्वीडन से पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** हाल ही में की आयोजित SCO शासनाध्यक्ष परिषद की 19वीं बैठक की अध्यक्षता किसने की______ **एम. वेंकैया नायडू।**

**नोट:**

- शिखर सम्मेलन संयुक्त विज्ञप्ति के अंगीकरण के साथ समाप्त हुआ।
- बैठक के दौरान उन्होंने पहली बार साझा बौद्ध धरोहर पर SCO ऑनलाइन प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इसे SCO शासनाध्यक्ष परिषद की 19वीं बैठक के दौरान लॉन्च किया गया था।

**2.** वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (GTI) 2020 में भारत की रैंक क्या है______ **8वीं।**

**नोट:**


- भारत में वर्ष 2019 में आतंकवाद के कारण 27□7 मौतें, 439 आकस्मिक चोट और 558 घटनाएं दर्ज की गईं। क्षेत्रीय रूप से, दक्षिण एशिया 2019 में आतंकवाद से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र था, जहां किसी अन्य क्षेत्र की तुलना में अधिक मौतें दर्ज की गईं।
- इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर 2018 की तुलना में वर्ष 2019 में आतंकवाद के कारण होने वाली मौतों में 15 प्रतिशत कमी के साथ यह 13,286 हो गईं।

**3.** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पेरिस समझौते के कार्यान्वयन हेतु गठित उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयीय समिति की अध्यक्षता कौन करेगा _______**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सचिव।**

**नोट:**

- AIPA का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के विषयों पर एक समन्वित प्रतिक्रिया उत्पन्न देना है जो यह सुनिश्चित करता है कि भारत अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) सहित पेरिस समझौते के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने की राह पर है।
- चौदह मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी AIPA के सदस्य के रूप में काम करेंगे, जो भारत के NDC के कार्यान्वयन में प्रगति की देखरेख करेंगे और पेरिस समझौते की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जलवायु लक्ष्यों की निगरानी, समीक्षा और पुन: चर्चा के लिए समय-समय पर सूचना प्राप्त करेंगे।





**4.** इंटरनेशनल फार्म कम्पेरिजन नेटवर्क (IFCN) डेरी प्रोसेसर्स रिपोर्ट 2020 के अनुसार विश्व स्तर पर दुग्ध संसाधक के रूप में AMUL का स्थान ________ **आठवां।**

**नोट:**

- रैंकिंग प्रतिवर्ष दुग्ध सेवन करने के मापदंडों पर आधारित है।
- अमूल ने प्रतिवर्ष 10.3 बिलियन किलोग्राम दूध का सेवन किए जाने की जानकारी दी है, यह वर्ष 2013 में अमूल द्वारा बताए गए 4.54 बिलियन किलोग्राम दूध के सेवन से दोगुना अधिक है।

**5.** किस भारतीय कंपनी ने भारतीय कंपनियों की फॉर्च्यून 500 सूची 2020 में शीर्ष स्थान हासिल किया________ **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड।**

**नोट:**

- देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOC) दूसरे स्थान पर है, इसके बाद तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) तीसरे स्थान पर है।
- देश का सबसे बड़ा ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक चौथे स्थान पर था, जबकि भारत की दूसरी सबसे बड़ी ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) ने पांचवां स्थान हासिल किया।

**6.** वाटर, सैनिटेशन एंड हाइजीन (WASH) कॉन्क्लेव 2020 का 7वां संस्करण भारत के किस शहर में आयोजित किया गया था________**हैदराबाद।**

**नोट:**

- यह 3 राज्य सरकारों - तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के सहयोग से यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष), राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान और पंचायती राज (NIRD और PR) द्वारा आयोजित किया गया था।
- आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन ने कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

**7.** भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित 100 ऑक्टेन प्रीमियम पेट्रोल किस पेट्रोलियम कंपनी द्वारा विकसित किया गया है _________ **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड।**

**नोट:**

- केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित 100 ऑक्टेन प्रीमियम पेट्रोल लॉन्च किया।
- ब्रांड XP-100 के तहत बेचे जा रहे हाई ऑक्टेन प्रीमियम ग्रेड पेट्रोल को पहले चरण में राष्ट्रीय राजधानी सहित देश भर के 10 शहरों में उपलब्ध कराया जाएगा।


**8.** उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने किस दिवंगत प्रधान मंत्री के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया_________**आई.के. गुजराल।**

**नोट:**

- आई.के. गुजराल भारत के 12वें प्रधान मंत्री थे, उन्होंने अप्रैल 1997 से मार्च 1998 तक प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया।
- भारत के विदेश मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, आई.के. गुजराल ने भारत के निकटतम पड़ोसियों के साथ विदेश संबंधों के व्यवहार के लिए पांच सिद्धांतों का एक समूह - 'गुजराल सिद्धांत' सामने रखा।

**9.** जनवरी 2021 में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि कौन होंगे _______**बोरिस जॉनसन (प्रधानमंत्री यूके)।**





**नोट:**

- भारत ने जनवरी 2021 में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में अमेरिकी प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन को आमंत्रित किया है और लंदन की ओर से इस पर फैसले का इंतजार है।
- यदि जॉनसन आमंत्रण स्वीकार करते हैं, तो वह लगभग तीन दशकों में राजपथ पर परेड की शोभा बढ़ाने वाले पहले ब्रिटिश प्रधान मंत्री बन जाएंगे।
- गणतंत्र दिवस परेड में अंतिम ब्रिटिश प्रधान मंत्री वर्ष 1993 में जॉन मेजर थे।

**10.** अर्जुन मुंडा ने कहां पर 'वर्चुअल आदि महोत्सव' का शुभारंभ किया______**मध्य प्रदेश।**

**नोट:**

- उनकी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं - संगीत, नृत्य आदि को प्रदर्शित करने वाले वीडियो को भी साझा किया जाएगा। संक्षेप में, यह अभी भी जनजातियों और उनकी विविध, विभिन्न जीवन शैली का उत्सव होगा लेकिन एक अलग मंच पर।

**11.** मध्य प्रदेश के किन दो शहरों को उनके नगरीय परिदृश्य शहर कार्यक्रम के तहत यूनेस्को की विश्व धरोहर शहरों की सूची में शामिल किया गया है________**ग्वालियर और ओरछा।**

**नोट:**

- संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) का उद्देश्य शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विश्व शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना है।
- धरोहर शहरों की सूची में शामिल होने के बाद, ग्वालियर और ओरछा का स्वरूप पूरी तरह से बदल जाएगा और राज्य के पर्यटन विभाग के साथ मिलकर यूनेस्को दोनों स्थानों के सौंदर्यीकरण के लिए एक विशेष योजना बनाएगा।

**12.** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत के किस शहर में मेट्रो रेल परियोजना का उद्घाटन किया ______ **आगरा।**

**नोट:**

- इस परियोजना में प्रमुख पर्यटक केंद्रों को रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के साथ जोड़ने वाले दो गलियारे शामिल हैं।
- 8,000 करोड़ रुपये की लागत वाली यह मेट्रो परियोजना, आगरा में स्मार्ट सुविधाओं की स्थापना से संबंधित मिशन को मजबूत करेगी।

**13.** दूरसंचार विभाग और सेल्यूलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2020 का विषय क्या है ________ **Inclusive Innovation-Smart, Secure, Sustainable.**


**नोट:**

- सेल्यूलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और दूरसंचार विभाग इंडिया मोबाइल कांग्रेस का आयोजन कर रहे हैं।
- यह Inclusive Innovation-Smart, Secure, Sustainable विषय के तहत आयोजित की गई थी।
- कांग्रेस 8 दिसंबर, 2020 और 10 दिसंबर, 2020 के बीच आयोजित होनी है।

**14.** क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेंस इंडेक्स (CCPI) 2021 में भारत की रैंक क्या है_______ **10वीं।**

**नोट:**





- भारत का समग्र स्कोर 63.98 है। यह लगातार दूसरी बार है कि भारत 58 अर्थव्यवस्थाओं के बीच उच्च जलवायु प्रदर्शन के साथ शीर्ष 10 देशों में शामिल हुआ है।
- भारत सूचकांक में पिछले वर्ष 9वें स्थान पर था।
- CCPI 2020 की तरह, 2021 रैंकिंग में पहले तीन स्थान रिक्त बने हुए हैं, क्योंकि कोई भी देश ग्लोबल वार्मिंग को 2 से नीचे या 1.5°C तक सीमित करने हेतु रणनीतियों को लागू करने के लिए पेरिस जलवायु लक्ष्यों के मार्ग पर नहीं है।

**15.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में PM-WANI की स्थापना को मंज़ूरी दी। WANI में 'I' का क्या अर्थ है_______ **इंटरफेस।**

**नोट:**

- पब्लिक वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस को PM-WANI कहा जाता है।
- PM-WANI देश में वाई-फाई नेटवर्क के विकास को बढ़ावा देगी।
- इससे देश में बड़े पैमाने पर वाई-फाई क्रांति आने की उम्मीद है। यह काफी हद तक PCO मॉडल (PCO का पूरा नाम पब्लिक कॉल ऑफिस) के समान है।

**16.** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहां पर एसोसिएशन ऑफ बुद्धिस्ट टूर ऑपरेटर्स इंटरनेशनल कन्वेंशन का उद्घाटन किया________ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- सम्मेलन का आयोजन पर्यटन मंत्रालय की साझेदारी में किया जाएगा।
- उद्घाटन समारोह के दौरान मंत्री ने निम्नलिखित घोषणाएं कीं-
  - देश में पर्यटन उद्योग को विकसित करने के लिए स्वदेश दर्शन योजना और प्रसाद योजना शुरू की गई।
  - स्वदेश दर्शन योजना के तहत, बौद्ध स्थलों के विकास के लिए 350 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की गई।
  - प्रसाद योजना के तहत 900 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि मंजूर की गई।

**17.** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने बिहार में किस नदी पर बने कोलीवर पुल का उद्घाटन किया ________**सोन।**

**नोट:**

- इस पुल का निर्माण 256 करोड़ रुपये की लागत से किया गया था।
- सड़क और रेल यातायात दोनों के लिए नदी पर बना मौजूदा दो-लेन का पुल 138 वर्ष पुराना है। पुल को बदल कर तीन लेन का किया गया है।
- पुल बाद में NH-30 और NH-922 पर यातायात को कम करेगा। यह उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच प्रमुख लिंक हैं।

**18.** पांचवीं इंडिया वाटर इम्पैट समिट किस संस्था द्वारा आयोजित की गई थी ________ **राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और गंगा नदी घाटी प्रबंधन एवं अध्ययन केंद्र।**

**नोट:**

- समिट का आयोजन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और गंगा नदी घाटी प्रबंधन एवं अध्ययन केंद्र द्वारा किया जा रहा है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

- समिट गंगा को अंगीकार करने के तौर तरीकों की आवश्यकता का प्रसार और चर्चा करेगी।
- इसके अलावा, यह जल क्षेत्र में निवेशकों और हितधारकों के लिए एक सामान्य मंच के रूप में कार्य करेगा।
- समिट नदी प्रबंधन के लिए भारत और कई अन्य देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देगी।

**19.** भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में नए संसद भवन की आधारशिला रखी। इस परियोजना के कब तक पूरा होने की उम्मीद है______ **वर्ष 2022।**

**नोट:**

- पर्यावरण के आधार पर परियोजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय की सुनवाई के साथ निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है।
- पिछले सप्ताह, सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाओं पर अपने फैसले से पहले ही इस परियोजना पर "आक्रामक तरीके से आगे बढ़ने" का आरोप लगाते हुए सरकार को फटकारा था। "आप आधारशिला रख सकते हैं, आप कागजी कार्यवाही कर सकते हैं, लेकिन कोई निर्माण या विध्वंस नहीं किया जाएगा, कोई पेड़ नहीं काटे जाएंगे।

**20.** भारत के किस शहर में दूसरा TCGA-कैंसर जीनोम एटलस 2020 सम्मेलन आयोजित किया गया _______ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- सम्मेलन में संयुक्त रूप से इंडियन कैंसर जीनोम एटलस (ICGA) की स्थापना के लिए दुनिया भर के वैज्ञानिक और चिकित्सक एक साथ आए।
- इंडियन कैंसर जीनोम एटलस (ICGA) का लक्ष्य भारतीयों में सभी प्रचलित कैंसर के मॉलीक्यूलर प्रोफाइल एकत्र करने के लिए एक स्वदेशी, ओपन-सोर्स और व्यापक डेटाबेस बनाना है।

**21.** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) ने सड़क अवसंरचना क्षेत्र में प्रौद्योगिकी सहयोग पर किस देश के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए_______ **आस्ट्रिया।**

**नोट:**

- इस पर नई दिल्ली में MoRTH के अपर सचिव श्री के.सी. गुप्ता और ऑस्ट्रिया की राजदूत ब्रिगिट ओपिंगर-वाल्शोफर ने हस्ताक्षर किए।
- समझौता ज्ञापन में दोनों देशों के बीच सड़क परिवहन, सड़क / राजमार्ग अवसंरचना विकास, प्रबंधन और प्रशासन, सड़क सुरक्षा और कुशल परिवहन प्रणाली शामिल होगी।


**22.** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे (IIT-B) द्वारा जारी अर्बन क्वालिटी ऑफ लाइफ (UQoL) सूचकांक 2020 में किस भारतीय शहर को पहला स्थान मिला है________ **मुंबई।**

**नोट:**

- इसके अनुसार, मुंबई (महाराष्ट्र) सूचकांक के शीर्ष पर है, इसके बाद दिल्ली, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और चेन्नई (तमिलनाडु) सबसे उच्च गुणवत्ता वाला जीवन प्रदान करते हैं, जबकि बिहार की राजधानी पटना अपने लोगों को सबसे खराब गुणवत्ता का जीवन प्रदान करता है।
- यह पहली बार है जब सूचकांक ने लिंग समानता के कारक पर ध्यान दिया है जिसके तहत चेन्नई को सबसे अधिक महिला-अनुकूल शहर के रूप में नामित किया गया है, जबकि पटना इसमें अंतिम स्थान पर रहा।

**23.** ट्रूकॉलर द्वारा जारी ग्लोबल इनसाइट्स रिपोर्ट, 2020 के चौथे संस्करण में वैश्विक स्पैम कॉल में भारत की रैंक ______ **9वीं।**





**नोट:**

- रैंकिंग में भारत के स्थान में गिरावट आई है, जो यह दर्शाता है कि इस वर्ष देश में स्पैम कॉल वास्तव में कम हुए हैं।
- ट्रूकॉलर की रिपोर्ट में लॉकडाउन के तीन महीनों के दौरान एक और दिलचस्प तथ्य सामने आया है: भारत में लॉकडाउन की शुरुआत में आपातकालीन सेवाओं को कॉल में 148% की बढ़ोतरी हुई।

**24.** किस इकाई ने हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं________ **SJVN लिमिटेड।**

**नोट:**

- समझौता ज्ञापन के अनुसार, IREDA हरित ऊर्जा परियोजनाओं के विकास हेतु SJVN को सेवाएं प्रदान करेगी, और अगले 5 वर्षों के लिए अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के निर्माण और उपार्जन हेतु एक कार्य योजना तैयार करने में SJVN की मदद करेगी।
- समझौता ज्ञापन के भाग के रूप में, IREDA SJVN की परियोजनाओं के लिए तकनीकी-वित्तीय सम्यक तत्परता (विशेष परियोजना स्थानों के लिए उपयुक्त तकनीक की पहचान) का दायित्व अपने ऊपर लेगी।

**25.** 9 बिलियन डॉलर की पहल 'एशिया पैसिफिक वैक्सीन एक्सेस फैसिलिटी (APVAX) किसके द्वारा शुरू की गई है________**एशियाई विकास बैंक।**

**नोट:**

- एशियाई विकास बैंक (ADB) ने 9 बिलियन डॉलर की वैक्सीन पहल शुरू की है जो इसके विकासशील सदस्य अर्थव्यवस्थाओं को कोविड-19 वैक्सीन की खरीद और वितरण में सहायता प्रदान करेगी।
- एशिया पैसिफिक वैक्सीन एक्सेस फैसिलिटी (APVAX) दो पूरक घटकों का उपयोग करते हुए विकासशील एशिया की वैक्सीन पहुंच में सहायता करने के लिए एक व्यापक फ्रेमवर्क और संसाधन प्रदान करती है।

**26.** राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तीकरण केंद्र का उद्घाटन भारत के किस शहर में किया गया_________ **हैदराबाद।**

**नोट:**

- यह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) के उन दिव्यांग सैनिकों को पुन: कौशल प्रदान करने और पुनर्वास के लिए अपनी तरह का पहला केंद्र है, जिन्हें कर्तव्य के मार्ग पर प्राणघातक चोटें आईं।


## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य सरकार ने सार्वजनिक सेवा को तेज करने और लोगों के घर पर सार्वजनिक सेवा वितरण के लिए 'दुआरे सरकार' (द्वार पर सरकार) कार्यक्रम शुरू किया है _______**पश्चिम बंगाल।**

**नोट:**

- दुआरे सरकार (द्वार पर सरकार) कार्यक्रम के लिए स्थापित होने वाले शिविरों में पात्र लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित कम से कम 11 योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।





2. किस राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल तकनीक विकसित करने और उपयोग में लाने के लिए इंटरनेशनल डिजिटल हेल्थ एंड आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस रिसर्च कोलेबरेटिव (I-DAIR) के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं ______**पंजाब।**

**नोट:**

- पंजाब स्वास्थ्य के लिए जन-केंद्रित डिजिटल अवसंरचना मॉडल विकसित करने वाला I-DAIR का पहला सरकार साझेदार है।
- पंजाब सरकार की ओर से राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव (शासन सुधार) अनिरुद्ध तिवारी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

3. सूर्यधार झील का उद्घाटन किस राज्य में किया गया ______ **उत्तराखंड।**

**नोट:**

- सूर्यधार झील 50.25 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई है। यह 550 मीटर लंबी, 28 मीटर चौड़ी और 10 मीटर गहरी है, इसकी क्षमता 77,000 घन मीटर है।
- झील अपने आस-पास के लगभग 20 गांवों की पेयजल और सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करेगी और आने वाले समय में एक प्रमुख पर्यटन और पानी के खेलों का गंतव्य बनेगी।

4. चक्रवात 'बुरेवी' हाल ही में भारत के किस राज्य से टकराया है ______**तमिलनाडु।**

**नोट:**

- यह बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में पिछले 10 दिनों के अंदर उत्पन्न हुआ तीसरा चक्रवात है।
- चूंकि चक्रवात निवार के कुछ ही दिनों बाद नया चक्रवात बुरेवी आया, इसका प्रभाव अधिक मंद होगा।

5. भारत के किस राज्य में अंग दान करने वालों के लिए देश के पहले स्मारक का उद्घाटन किया गया______**राजस्थान।**

**नोट:**

- यह विशिष्ट स्मारक शहर के SMS अस्पताल के पास, मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम (MFJCF) और जयपुर नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से उन लोगों के सम्मान में स्थापित किया गया है, जिन्होंने जरूरत पड़ने पर दूसरों को अपना जीवन दिया।
- राजस्थान, दिल्ली और मुंबई में 100 से अधिक लोगों की जान बचाने वाले 38 अंग दाताओं के नाम स्मारक पर अंकित किए गए हैं।

6. रायमोना राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य का छठा राष्ट्रीय उद्यान बनने वाला है______**असम।**

**नोट:**

- प्रस्तावित रायमोना राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्र रिपु रिजर्व फॉरेस्ट के अंदर है, जिसका इतिहास 19वीं शताब्दी के अंत में देश के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक रूप से प्रबंधित वनों का रहा है।
- इस क्षेत्र में राज्य की सर्वाधिक जैव विविधता वाली वानस्पतिक संरचना शामिल है जिसमें 11 प्रकार और उप-प्रकार के विभिन्न वन वर्गीकृत किए जा सकते हैं।

7. स्वास्थ्य साथी योजना किस राज्य की स्वास्थ्य बीमा योजना है जिसका विस्तार अब राज्य की संपूर्ण जनसंख्या को शामिल करने के लिए किया गया है ______**पश्चिम बंगाल।**

**नोट:**





- यह माध्यमिक और तृतीयक देखभाल के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये वार्षिक तक का बुनियादी स्वास्थ्य कवर प्रदान करता है।
- राज्य-संचालित और निजी दोनों अस्पताल योजना का हिस्सा हैं।
- इस योजना के तहत कार्ड परिवारों की महिला संरक्षकों को जारी किया जाता है।
- राज्य में प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक परिवार को उनके आयु वर्ग पर ध्यान दिए बिना योजना में शामिल किया जाएगा।

**8.** भारत में हाल ही में जारी पुलिस स्टेशनों की वार्षिक रैंकिंग में किस राज्य के नोंग्पोक सेकमई पुलिस स्टेशन को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकारी पुलिस स्टेशन का दर्जा दिया गया________ **मणिपुर।**

**नोट:**

- वार्षिक रैंकिंग 2015 से की जा रही है।
- मणिपुर के थौबल जिले के नोंग्पोक सेकमई पुलिस स्टेशन को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकारी पुलिस स्टेशन का स्थान दिया गया।
- तमिलनाडु के सलेम शहर के सुरमंगलम में महिला पुलिस स्टेशन को सूची में दूसरा स्थान दिया गया।

**9.** किस राज्य सरकार ने इंटरनेशनल सैंड आर्ट फेस्टिवल के 9वें संस्करण का आयोजन किया_____ **ओडिशा।**

**नोट:**

- सैंड आर्ट फेस्टिवल में भारत और दुनिया भर के कुशल कलाकारों द्वारा बनाई गई शानदार रेत कला प्रदर्शित होती है।
- मैक्सिको, स्पेन, सिंगापुर, फ्रांस, नॉर्वे, जर्मनी, नीदरलैंड और अमेरिका के विश्व के सम्मानित रेत कलाकारों ने भाग लिया।

**10.** कौन सा राज्य इस वर्ष बिहार के पहले प्रवासी पक्षी महोत्सव का आयोजन कर रहा है______**बिहार।**

**नोट:**

- यह भागलपुर वन प्रभाग, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और स्थानीय मंदार नेचर क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।
- इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष नवंबर और मार्च के बीच बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी आते हैं। महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र में अवैध शिकार के मामलों की जांच करना है।

**11.** सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) योजना 'ओरुनोडोई' किस राज्य में शुरू की गई ________ **असम।**

**नोट:**


- यह योजना वर्तमान में 17 लाख लाभार्थी परिवारों के साथ शुरू की गई है। सरकार ने कहा कि वह 'ओरुनोडोई योजना के तहत परिवार की एक महिला सदस्य के खाते में 830 रुपये प्रति माह हस्तांतरित करेगी।
- BTC जिलों को भी शामिल करने के बाद लाभार्थियों की संख्या बढ़कर लगभग 22 लाख हो जाएगी।

**12.** किस राज्य ने 2030 तक एड्स को पूरी तरह से समाप्त करने का लक्ष्य रखा ________**मध्य प्रदेश।**

**नोट:**

- इंदौर में सर्वाधिक 12 हजार 773 मरीज सामने आए। 7 हजार से अधिक मरीजों के साथ भोपाल दूसरे स्थान पर है। जबलपुर में लगभग 6 हजार मरीज हैं जबकि ग्वालियर में 3 हजार से अधिक HIV मरीज हैं।





- सर्वाधिक 68 प्रतिशत HIV संक्रमित लोग 25 से 49 वर्ष आयु वर्ग के हैं।

**13.** प्रजा फाउंडेशन द्वारा हाल ही में द्वारा जारी अर्बन गवर्नेंस इंडेक्स में कौन सा राज्य शीर्ष पर है_______ **ओडिशा।**

**नोट:**

- अर्बन गवर्नेंस सूचकांक के अनुसार ओडिशा के बाद महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ का सथान था। सूची में दिल्ली 13वें स्थान पर है।
- राज्यों को नगर प्रशासन, निर्वाचित प्रतिनिधियों और विधायी संरचना और सशक्त नागरिकों एवं शारीरिक सशक्तीकरण के विषयों के आधार पर 0 और 100 के बीच स्थान दिए गए थे।
- महाराष्ट्र ने 55%, ओडिशा ने 56% स्कोर किया। अन्य शीर्ष प्रदर्शनकारी राज्य छत्तीसगढ़ (49.68%), केरल (48.77%) और मध्य प्रदेश (45.94%) थे।

**14.** कान्हलगांव किस राज्य का 50वां वन्यजीव अभयारण्य होगा _________**महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- राज्य के 50वें वन्यजीव अभयारण्य और 10 नए कंजर्वेशन रिजर्व (CR) शामिल होने के साथ, महाराष्ट्र ने अपने संरक्षित क्षेत्र नेटवर्क 62 से बढ़ाकर 73 क्षेत्र किया है, अब राज्य का 10,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र संरक्षित है।

**15.** सिक्किम के बाद किस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश ने 100% जैविक क्षेत्र का दर्जा प्राप्त किया है________ **लक्षद्वीप।**

**नोट:**

- लक्षद्वीप100% जैविक क्षेत्र का दर्जा हासिल करने वाला सिक्किम के बाद दूसरा स्थान है। यह भारत के केंद्र शासित प्रदेशों के बीच स्थान प्राप्त करने वाला पहला है।
- केंद्र सरकार की परम्परागत कृषि विकास योजना (जैविक खेती सुधार कार्यक्रम) के तहत केंद्रशासित प्रदेश के पूरे 32 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को जैविक प्रमाणित किया गया है।

**16.** किस राज्य सरकार ने ताजपुर में एक गहरे समुद्री बंदरगाह के निर्माण की घोषणा की है________ **पश्चिम बंगाल।**

**नोट:**

- ताजपुर गहरे समुद्र बंदरगाह को 15,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा और यह 25,000 लोगों के लिए रोजगार का सृजन करेगा। यह राज्य का पहला गहरा समुद्री बंदरगाह होगा।
- खड़गपुर के आसपास के लौह और इस्पात उद्योगों को निर्यात के लिए उनके समीप बंदरगाह होने से बढ़ावा मिलेगा।

**17.** किस राज्य ने महामारी में नौकरी गवांने वाले प्रवासी कामगारों की मदद के लिए "लाइवलीहुड जेनरेशन फॉर रिटर्नड माइग्रेंट वर्कर्स प्रॉजेक्ट" शुरू किया है _______ **मिजोरम।**

**नोट:**

- इस परियोजना को पूर्वोत्तर परिषद द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा।
- यह 7 घटकों के माध्यम से 2,600 से अधिक श्रमिकों को कौशल आधारित प्रशिक्षण और उद्यमिता प्रदान करेगी।

**18.** किस राज्य सरकार ने हाल ही में दुनिया भर में अपनी थारू जनजाति की अनूठी संस्कृति ग्रहण करने के लिए एक योजना शुरू की है_______ **उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

- राज्य सरकार उत्तर प्रदेश वन विभाग की होम स्टे योजना के साथ नेपाल की सीमा से लगे बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुर और पीलीभीत जिलों में थारू गांवों को जोड़ने के लिए काम कर रही है। इसका उद्देश्य मुख्य रूप से वनों से एकत्रित घास से बनी पारंपरिक झोपड़ियों में पर्यटकों को प्राकृतिक थारू निवास में रहने का अनुभव प्रदान करना है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. कौन सा देश आगामी 2021 SCO शासनाध्यक्ष परिषद की 20वीं बैठक की अध्यक्षता करेगा_______ **काजाखस्तान।**

**नोट:**

- शिखर सम्मेलन संयुक्त विज्ञप्ति के अंगीकरण के साथ समाप्त हुआ।
- बैठक के दौरान उन्होंने पहली बार साझा बौद्ध धरोहर पर SCO ऑनलाइन प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इसे SCO शासनाध्यक्ष परिषद की 19वीं बैठक के दौरान लॉन्च किया गया था।

2. अमेरिकी वायु गुणवत्ता सूचकांक 2020 द्वारा जारी वायु प्रदूषण के आंकड़ों के अनुसार किस शहर ने दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है_______ **लाहौर।**

**नोट:**

- सूचकांक के अनुसार, लाहौर ने 423 पर्टिकुलेट मैटर (PM) रेटिंग दर्ज की। पाकिस्तान की वित्तीय राजधानी कराची AQI में 7वें स्थान पर रही।
- नई दिल्ली 229 पर्टिकुलेट मैटर के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि नेपाल की राजधानी काठमांडू 178 पर्टिकुलेट मैटर के साथ तीसरा सबसे खराब शहर रहा।

3. किस संगठन ने 'द स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (SOFA) 2020 - ओवरकमिंग वाटर चैलेंजेस इन एग्रीकल्चर' नामक रिपोर्ट प्रकाशित की _______ **खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)।**

**नोट:**

- रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में लगभग 1.2 बिलियन लोग उच्च जल संकट पर हैं, जिसका अर्थ है कि दुनिया के हर 6 में से एक व्यक्ति को कृषि में गंभीर जल संकट या अभाव का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीण इलाकों में 15% से अधिक जनसंख्या जोखिम पर है।
- स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर 2020 की रिपोर्ट में दो प्रमुख जल चुनौतियों पर ध्यान आकर्षित किया गया है जो कृषि और खाद्य उत्पादन, जल अपर्याप्तता और अभाव को प्रभावित करते हैं।

4. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तैयार की गई विश्व मलेरिया रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में मलेरिया के सर्वाधिक मामले कहां हैं__________ **भारत।**

**नोट:**

- रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने दक्षिण पूर्व एशिया में मलेरिया के मामलों में सर्वाधिक कमी दर्ज की है।
- मलेरिया के मामलों की संख्या वर्ष 2000 में 20 मिलियन से घटकर 2019 में 5.6 मिलियन हो गई है।
- हालांकि, दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में मलेरिया के सर्वाधिक मामले भारत में है। इस क्षेत्र में मलेरिया के लगभग 88% मामले भारत के हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

5. संवर्धित मांस (cultured meat) की बिक्री की अनुमति देने वाला पहला देश _______ **सिंगापुर।**

**नोट:**

- मांस मुर्गियों को बिना काटे पशुओं की कोशिकाओं से बनाया जाता है।
- मांस और अंडे के विकल्प बनाने वाली कंपनी ईट जस्ट इंक को सिंगापुर में अपने प्रयोगशाला निर्मित चिकन बेचने की मंजूरी दी गई है।

6. बांग्लादेश ने किस देश के साथ अपने पहले अधिमान्य व्यापार समझौते (PTA) पर हस्ताक्षर किए_______ **भूटान।**

**नोट:**

- PTA के तहत, 100 बांग्लादेशी उत्पादों को भूटान में शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा, जबकि भूटान से 34 वस्तुओं को बांग्लादेश में शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा।
- सूची में दोनों देशों के बीच चर्चा के आधार पर बाद में अन्य वस्तुओं को शामिल किया जा सकता है।

7. कौन सा देश 2021 में WEF की विशेष वार्षिक बैठक की मेजबानी करेगा_______ **सिंगापुर।**

**नोट:**

- पहली बार WEF की विशेष वार्षिक बैठक एशिया में हो रही है और दूसरी बार यह बैठक स्विट्जरलैंड के दावोस के बाहर आयोजित हो रही है।
- दावोस, स्विट्जरलैंड के बाहर पहली बैठक 2002 में न्यूयॉर्क में आयोजित की गई थी।

8. किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने रचनात्मक अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित "बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान" अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार शुरू करने का निर्णय लिया है_______ **यूनिसेफ।**

**नोट:**

- इस पुरस्कार का नाम "रचनात्मक अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में यूनेस्को-बांग्लादेश बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार" है।
- पुरस्कार प्रत्येक दो वर्ष में दिया जाएगा और पुरस्कार राशि 50,000 अमेरिकी डॉलर होगी। इसे अगले वर्ष नवंबर में पहली बार यूनेस्को की 41वीं आम बैठक में दिया जाएगा।

9. किस देश के साथ भारत ने ऊर्जा पर एक टास्क फोर्स स्थापित करने का फैसला किया_______ **कतर।**

**नोट:**


- इसकी घोषणा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और कतर के ऊर्जा राज्य मंत्री और कतर पेट्रोलियम के अध्यक्ष और सीईओ साद शेरिदा अल-काबी के बीच एक टेलीकॉल के बाद की गई थी।
- कतर तरलीकृत प्राकृतिक गैस और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है।

10. किन दो देशों के बीच संयुक्त वायुसेना अभ्यास "शाहीन (ईगल)-IX" आयोजित किया गया था_______ **पाकिस्तान और चीन।**

**नोट:**

- शाहीन-IX संयुक्त वायुसेना अभ्यासों की श्रृंखला में नौवां अभ्यास है जो दोनों देशों में प्रत्येक वर्ष वैकल्पिक आधार पर आयोजित किया जाता है।
- ऐसा पहला अभ्यास मार्च 2011 में पाकिस्तान में आयोजित किया गया था।





- चीन और पाकिस्तान के बीच करीबी सैन्य संबंध हैं। चीन संयुक्त रूप से JF-17 लड़ाकू जेट और अन्य आयुध निर्माण करने में पाकिस्तान की मदद करता है।

**11.** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा जारी की गई इमीशन गैप रिपोर्ट 2020 (वार्षिक रिपोर्ट) के 11वें संस्करण के अनुसार, महामारी के कारण ग्लोबल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन वर्ष 2020 में कितने प्रतिशत गिरना निर्धारित है ______ **7 प्रतिशत।**

**नोट:**

- रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक जनसंख्या के सबसे अमीर 1% (अमेरिका, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) देशों का उत्सर्जन सबसे गरीब 50% देशों के दोगुने से अधिक है।
- ग्लोबल ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन वर्ष 2019 में बढ़ता रहा। भू-उपयोग परिवर्तन (LUC) के बिना 52.4 GtCO2e (गीगाटन्स ऑफ इक्यूवैलेंट कार्बन डाइऑक्साइड) और LUC सहित 59.1 GtCO2e।

**12.** किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने "स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट फॉर इंडिया: टेक्निकल एंड वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (TVET)" का दूसरा संस्करण 2020 जारी किया_______ **संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को)।**

**नोट:**

- इसमें 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें सरकार, नागरिक समाज, शिक्षाविद, भागीदार और युवा शामिल हैं।
- स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट का दूसरा संस्करण टेक्निकल एंड वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (TVET) पर केंद्रित है।

**13.** भारत के साथ मैत्री संघ की स्थापना करने वाला पहला अरब देश _______**ओमान।**

**नोट:**

- ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बदर बिन हमद बिन हमूद अल बुसैदी ने अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर के साथ सामरिक संबंधों को बढ़ाने पर विस्तृत वार्ता की।
- संघ का उद्देश्य एक ऐसा मंच प्रदान करना है जो सल्तनत में ओमान और भारत के व्यापारिक और सामाजिक समुदायों के बीच मित्रता, समझ और पारस्परिक हित के विषयों को बढ़ावा दे।

**14.** ब्लूमबर्ग न्यू एनर्जी फाइनेंस (BNEF) 2020 क्लाइमेटस्कोप सर्वेक्षण रैंकिंग में कौन सा देश शीर्ष पर रहा _________ **चिली।**

**नोट:**

- स्वच्छ ऊर्जा निवेश जो 2018-19 में 12 प्रतिशत गिरकर 8.5 बिलियन डॉलर हो गया है और 2017 के बाद से 32 फीसदी गिर गया है, में गिरावट के फलस्वरूप ब्लूमबर्ग न्यू एनर्जी फाइनेंस (BNEF) 2020 क्लाइमेटस्कोप सर्वेक्षण रैंकिंग में भारत पिछले वर्ष के पहले से दूसरे स्थान पर आ गया है।

## सम्मान एवं पुरस्कार



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

1. लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों के लिए किसे ग्लोबल टीचर प्राइज़ 2020 दिया गया ________**रणजीतसिंह दिसाले।**

**नोट:**

- वह महाराष्ट्र के सोलापुर के एक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं।
- ग्लोबल टीचर प्राइज़ वर्की फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया जाता है।
- 31 वर्षीय रणजीतसिंह दिसाले ने उदारतापूर्वक घोषणा की कि वह 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि का आधा हिस्सा अपने शीर्ष दस साथी फाइनलिस्टों के साथ बांटेंगे।

2. दूषित पेयजल से लेकर मादक द्रव्य की लत और साइबरबुलिंग तक की समस्याओं से निपटने हेतु तकनीक का उपयोग करने के लिए टाइम मैग्जीन द्वारा किसे पहला 'किड ऑफ द ईयर' 2020 चुना _________ **गीतांजलि राव।**

**नोट:**

- कोलोराडो, अमेरिका की 15 वर्षीय गीतांजलि को 5,000 उम्मीदवारों में से चुना गया और एकेडमी अवॉर्ड विजेता हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली द्वारा TIME के लिए साक्षात्कार लिया गया।
- ग्यारह वर्ष की आयु में, राव ने डिस्कवरी एजुकेशन 3M साइंटिस्ट चैलेंज जीता और उन्हें अपने नवाचारों के लिए फोर्ब्स द्वारा "30 अंडर 30" सूची में सूचीबद्ध किया गया। उनकी नवीनतम खोज एक ऐप 'Kindly' है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आधार पर प्रारंभिक चरण में साइबरबुलिंग का पता लगाता है।

3. किस एजेंसी ने संयुक्त राष्ट्र निवेश प्रोत्साहन पुरस्कार 2020 जीता________ **इन्वेस्ट इंडिया।**

**नोट:**

- पुरस्कार समारोह जिनेवा स्थित UNCTAD मुख्यालय में हुआ। यह पुरस्कार विश्व की सर्वश्रेष्ठ निवेश प्रोत्साहन एजेंसियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करता है।
- मूल्यांकन UNCTAD द्वारा दुनिया भर में 180 राष्ट्रीय निवेश प्रोत्साहन एजेंसियों द्वारा किए गए कार्य के मूल्यांकन पर आधारित था।

4. अपने उपन्यास "द सिटी एंड द सी" के लिए तीसरा रवींद्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार 2020 किसने जीता________ **राज कमल झा।**

**नोट:**


- कोविड-19 महामारी के कारण, 5,000 डॉलर के पुरस्कार के विजेता की घोषणा कोपेनहेगन, डेनमार्क में ऑनलाइन की गई थी।
- झा की पुस्तक, जो दिसंबर 2012 के निर्भया बलात्कार और हत्या के मामले पर आधारित है, को अमिताव घोष की गन आइलैंड, निर्मला गोविंदराजन की तब्बू और रंजीत होसकोटे की जोन्हव्हेल सहित दस शॉर्टलिस्ट की गई पुस्तकों में से चुना गया था।

5. मोंडो दुप्लांटिस किस देश से संबंधित है जिसे विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2020 में पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया_______ **स्वीडन।**

**नोट:**

- डुप्लेंटिस ने फरवरी में वैश्विक कोरोनावायरस महामारी जिससे खेल की दुनिया थम गई, से कुछ ही सप्ताह पहले पोल वॉल्ट में लगातार वीकेंड पर 6.17 मीटर और 6.18 मीटर का प्रदर्शन करके दो बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। जब





प्रतियोगिता अंत में शुरू हुई, तो डुप्लेन्टिस ने अपने सीज़न की शुरुआत की और अब तक का सर्वश्रेष्ठ आउटडोर वॉल्ट रिकॉर्ड (6.15 मीटर) बनाया और पूरे वर्ष 16 प्रतियोगिताओं में अपराजित रहे।

**6.** विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2020-19 में किस देश की युलिमर रोजस को महिला विश्व एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया _______ **वेनेजुएला।**

**नोट:**

- मेट्ज़, फ्रांस में रोजस ने वर्ष की अपनी पहली प्रतियोगिता में दक्षिण अमेरिकी इनडोर ट्रिपल जंप का रिकॉर्ड तोड़ा, और 15.03 मीटर का नया रिकॉर्ड कायम किया।
- मैड्रिड में होने वाले विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर में अपनी अगली प्रतियोगिता में, उन्होंने प्रतियोगिता के अंतिम दौर में विश्व इनडोर रिकॉर्ड को सात सेंटीमीटर से तोड़ते हुए 15.43 मीटर की छलांग लगाई।

**7.** दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की फोर्ब्स रैंकिंग में पहला स्थान ______ **एंजेला मार्केल।**

**नोट:**

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, अमेरिकी नव-निर्वाचित उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस, बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ और HCL एंटरप्राइज की CEO रोशनी नादर मल्होत्रा को फोर्ब्स द्वारा दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं में शामिल किया गया।
- सीतारमण सूची में 41वें स्थान पर हैं, रोशनी नादर मल्होत्रा 55वें स्थान पर हैं, मजूमदार-शॉ - जिन्हें "भारत की सबसे अमीर अपनी मेहनत से सफल महिला" बताया गया- 68वें स्थान पर हैं और लैंडमार्क ग्रुप की चेयरमैन रेणुका जगतियानी 98वें स्थान पर हैं।

**8.** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को फोर्ब्स की दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की रैंकिंग में किस स्थान पर रखा गया है________**41वें।**

**नोट:**

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की रैंकिंग में शामिल हैं।
- जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल ने लगातार 10वें वर्ष पहला स्थान हासिल किया, यूरोपीय सेंट्रल बैंक की प्रमुख क्रिस्टीन लेगार्ड लगातार दूसरे वर्ष दूसरे स्थान पर रहीं। अमेरिकी नव-निर्वाचित उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस पहली बार सूची में शामिल हुईं और तीसरे स्थान पर रहीं।


**9.** डॉ. कैरोलिना आराजू किस देश से संबंधित हैं, जिन्हें बीजगणितीय ज्यामिति में उसके महत्वपूर्ण कार्यों के लिए '2020 रामानुजन प्राइज़ फॉर यंग मैथेमेटिशियन' से सम्मानित किया गया________ **ब्राजील।**

**नोट:**

- वह यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली गैर-भारतीय महिला गणितज्ञ हैं। वह इंस्टीट्यूट फॉर प्योर एंड अप्लाइड मैथमेटिक्स, ब्राजील से हैं।
- भारत की रामदोरई सुजाता 2006 में यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली महिला थीं।
- यह हर वर्ष उन युवा गणितज्ञों को प्रदान किया जाता है जो विकासशील देशों में उत्कृष्ट शोध करते हैं।

**10.** श्वाब फाउंडेशन और जुबिलेंट भारतीय फाउंडेशन द्वारा स्थापित सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर (SEOY) अवार्ड - इंडिया 2020 किसने जीता है ________**अशरफ पटेल।**





**नोट:**

- यह वर्ष 2010 में श्वाब फाउंडेशन और जुबिलेंट भारतीय फाउंडेशन द्वारा स्थापित वार्षिक पुरस्कार का 11वां संस्करण है।
- यह पुरस्कार केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी द्वारा प्रदान किया गया।

11. टाइम मैग्जीन का "पर्सन ऑफ द ईयर -2020" किसे चुना गया ________**जो बाइडेन और कमला हैरिस।**

**नोट:**

- अमेरिकी नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन और नव-निर्वाचित उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस संयुक्त रूप से टाइम मैग्जीन के 2020 "पर्सन ऑफ द ईयर" चुने गए, अंतिम फाइनलिस्ट की सूची में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी शामिल थे।
- अमेरिकी राष्ट्रपति को टाइम द्वारा 2016 में पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया था।

12. यूके स्थित ईस्टर्न आई अखबार द्वारा प्रकाशित ईस्टर्न आई 50 एशियन सेलिब्रिटी इन द वर्ल्ड सूची में नंबर एक दक्षिण एशियाई सेलिब्रिटी ________**सोनू सूद।**

**नोट:**

- 47 वर्षीय प्रतिभाशाली बॉलीवुड स्टार को कोविड-19 महामारी में विशेष रूप से प्रवासी कामगारों को उनके गृहनगर तक पहुंचने में मदद हेतु अपने प्रेरणादाई परोपकारी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।
- कनाडाई यूट्यूबर, सोशल मीडिया स्टार, कॉमेडियन और टीवी कलाकार लिली सिंह दूसरे और हाफ-इंडियन ब्रिटिश पॉप सुपरस्टार, चार्ली एक्ससीएक्स तीसरे स्थान पर रहीं।

## खेल समाचार

1. बहरीन फॉर्मूला वन ग्रैंड प्रिक्स 2020 किसने जीती _________ **लुईस हैमिल्टन।**

**नोट:**

- सात बार के विश्व चैंपियन हैमिल्टन की यह जीत उनके करियर की 95वीं जीत थी।
- साखीर में रेड बुल के मैक्स वेर्स्टाप्पेन दूसरे स्थान पर रहे, उनकी टीम के साथी थाईलैंड के अलेक्जेंडर एल्बोन रेसिंग प्वाइंट के सर्जियो पेरेज़ से तीसरा स्थान हासिल करने के बाद पोडियम में तीसरे स्थान पर रहे जिन्हें रेस समाप्ति से तीन लैप पहले इंजन में खराबी का सामना करना पड़ा।

2. 22,000 अंतर्राष्ट्रीय रन तक सबसे जल्दी पहुंचने वाला बल्लेबाज _________ **विराट कोहली।**


**नोट:**

- कोहली ने यह उपलब्धि SCG में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान हासिल की। ODI के दिग्गज खिलाड़ी ने 390 रन का पीछा करते हुए भारत के लिए 89 रनों की शानदार पारी खेली।
- कोहली 22,000 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाले दुनिया के आठवें और तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

3. बहरीन में फार्मूला वन साखिर ग्रैंड प्रिक्स किसने जीती ________**सर्जियो पेरेज़।**

**नोट:**





- सर्जियो पेरेज़ वर्ष 1970 में पेड्रो रोड्रिग्ज के बाद फार्मूला वन में मैक्सिकन विजेता बने, इसके साथ मर्सिडीज के प्रभुत्व वाली रेस की श्रृंखला समाप्त हुई, जिसके लिए वाल्टेरी बोटास आठवें और जॉर्ज रसेल नौवें स्थान पर रहे।
- 30 वर्षीय मैक्सिकन ने पहली-लैप दुर्घटना से वापसी की जिसने उन्हें अपनी 190वीं रेस में फील्ड में पीछे कर दिया था।

**4.** कौन सा देश जून 2021 में एशिया कप की मेजबानी करेगा________ **श्रीलंका।**

**नोट:**

- वास्तविक कार्यक्रम के अनुसार, 2020 में टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान द्वारा किया जाना था, हालांकि, यह कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित हो गया।
- अब इस प्रतियोगिता को जून 2021 तक आगे बढ़ा दिया गया है, जिसमें श्रीलंका क्रिकेट पीसीबी से मेजबानी के अधिकार ग्रहण करेगी।
- मुआवजे के रूप में, पीसीबी को 2022 संस्करण के लिए मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं।

**5.** जेहान दारूवाला किस खेल से संबंधित हैं, जिन्होंने हाल ही में खेल जीतने वाला पहला भारतीय बनकर इतिहास रचा ________ **फॉर्मूला रेस।**

**नोट:**

- यह F2 सीज़न की अंतिम रेस थी। फॉर्मूला 2 चैंपियनशिप एक सेकेंड टियर एकल-सीटर रेसिंग चैंपियनशिप है।
- 22 वर्षीय जेहान दारूवाला वर्तमान में रेड बुल जूनियर टीम के सदस्य हैं और कार्लिन मोटरस्पोर्ट के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

**6.** पॉल सीन ट्वा किस देश से संबंधित है जिन्होंने एशिया के लिए 'गोल्डमैन इनवायरमेंटल प्राइज़ 2020' जीता ________ **म्यांमार।**

**नोट:**

- सीन ट्वा को बहामास, घाना, इक्वाडोर, मैक्सिको और फ्रांस से पांच अन्य जमीनी पर्यावरण कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला।
- "ग्रीन नोबेल पुरस्कार" नाम वाला यह पुरस्कार दुनिया के आवास योग्य छह महाद्वीपों में से प्रत्येक के एक पर्यावरण नायक को प्रतिवर्ष दिया जाता है।

**7.** वर्ल्ड हैवीवेट खिताब 2020 किसने जीता _________ **एंथोनी जोशुआ।**

**नोट:**

- एंथोनी जोशुआ ने कुब्रत पुलेव के साथ नौवें दौर के नॉकआउट में अपना वर्ल्ड हैवीवेट खिताब बरकरार रखा, जो संभवतः टायसन फ्यूरी के खिलाफ मुक्केबाजी के अनडिस्प्यूटेड चैंपियन बनने के लिए एक ऑल-ब्रिटिश मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं।
- जोशुआ पुलेव को पहले ही तीन बार नॉक डाउन कर चुके थे, जब उन्होंने 39 वर्ष के बुल्गेरियाई खिलाड़ी पर राइट हुक लगाते हुए एक बार फिर उन्हें कैनवास पर गिराया था।

**8.** वर्ष की अंतिम फॉर्मूला वन अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स 2020 किसने जीती_________ **मैक्स वेर्स्टाप्पेन।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

- रेस में चैंपियन मर्सिडीज के वाल्टेरी बोटास पोडियम पर दूसरे और सात बार के विश्व चैंपियन लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे।
- 23 वर्षीय वेर्स्टाप्पेन ने एक शानदार पोल पोजिशन हासिल की और अच्छी शुरुआत की, जबकि बोटास आराम से हैमिल्टन को रोकने में कामयाब रहे।

**9.** पुरुष वर्ग में वर्ष 2020 का FICCI स्पोर्ट्सपर्सन पुरस्कार किसने जीता_________ **बजरंग पूनिया।**

**नोट:**

- पहलवान बजरंग पूनिया और निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन को क्रमशः पुरुषों और महिलाओं का "स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर" सम्मान मिला।
- बजरंग पूनिया, 65 किग्रा वर्ग फ्रीस्टाइल कुश्ती में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**10.** एलावेनिल वलारिवन किस खेल से संबंधित हैं जिन्होंने महिला श्रेणी में वर्ष 2020 का FICCI स्पोर्ट्सपर्सन पुरस्कार जीता है_________**निशानेबाज।**

**नोट:**

- पहलवान बजरंग पूनिया और निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन को क्रमशः पुरुषों और महिलाओं का "स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर" सम्मान मिला।
- एलावेनिल वलारिवन निशानेबाजी के खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं, उन्होंने 2018 ISSF जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता, उसने 2019 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी खेलों में रजत पदक जीता। उन्होंने 2019 में वर्ल्ड कप सुहेल में स्वर्ण पदक जीता और वह टोक्यो ओलंपिक 2021 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

**11.** कौन सा देश 2022 में एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा ________**पाकिस्तान।**

**नोट:**

- जुलाई 2020 में, एशिया कप की शासी संस्था, एशिया क्रिकेट परिषद (ACC) ने घोषणा की कि महामारी के कारण एशिया कप के 2020 संस्करण को रद्द कर दिया गया था।
- 2020 संस्करण जो पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जाना तय किया गया था, रद्द कर दिया गया है, इसलिए मुआवजे के रूप में पाकिस्तान को 2022 संस्करण की मेजबानी प्रदान की गई है।
- एशिया कप पुरुषों का एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ODI) और ट्वेंटी 20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट है।


**12.** कौन सी प्रतिस्पर्धा पेरिस में 2024 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपना पदार्पण करेगी और एक पदक प्रतियोगिता होगी_______ **ब्रेकिंग।**

**नोट:**

- ब्रेकिंग पेरिस में 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपना ओलंपिक पदार्पण करेगी, जबकि 3 अन्य खेल जुलाई, 2021 (कोविड-19 के कारण विलंबित) में 2020 टोक्यो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपना ओलंपिक पदार्पण करेंगे।
- नए खेलों का प्रस्ताव पेरिस 2024 आयोजन समिति द्वारा किया गया था।

## पुस्तकें एवं लेखक





1. 550वें गुरुपर्व के अवसर पर 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एंड हिज़ गवर्नमेंट्स स्पेशल रिलेशनशिप विद सिख' पुस्तक का विमोचन किसने किया________**हरदीप सिंह पुरी।**

**नोट:**

- ➢ यह पुस्तक नई दिल्ली में सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर की उपस्थिति में विमोचित की गई।
- ➢ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक अंग्रेजी, हिंदी और पंजाबी भाषाओं में जारी की गई थी।

2. "इंडियन आइकॉन: ए कल्ट कॉल रॉयल एनफील्ड" पुस्तक किसने लिखी है__________ **अमृत राज।**

**नोट:**

- ➢ यह पुस्तक ब्रांड, कंपनी और सबसे बढ़कर, उन व्यक्तियों की पथप्रदर्शक कहानी दर्शाती है, जिन्होंने रॉयल एनफील्ड को वह बनाया है (वैश्विक बाजारों के लिए एक प्रीमियम घरेलू उपभोक्ता ब्रांड) जो वह आज है।

3. भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित पुस्तक "40 ईयर्स विद अब्दुल कलाम- अनटोल्ड स्टोरीज" पुस्तक के लेखक_______ **ए. सिवथानू पिल्लई।**

**नोट:**

- ➢ भारत के उप-राष्ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित एक पुस्तक, "40 ईयर्स विद अब्दुल कलाम- अनटोल्ड स्टोरीज" नामक पुस्तक का विमोचन किया।
- ➢ पुस्तक पेंटागन प्रेस एलएलपी द्वारा प्रकाशित की गई है और इसकी प्रस्तावना भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा लिखी गई थी।

4. "पायनियर ऑफ ह्यूमैनिटी: महर्षि अरविंद" पुस्तक किसने लिखी ________ **रमेश पोखरियाल निशंक।**

**नोट:**

- ➢ पुस्तक 'मानवता के प्रणेता: महर्षि अरविंद' नामक शीर्षक से हिंदी में है।
- ➢ श्री अरविंद पूरी तरह से भारतीय संस्कृति, भारतीय मूल्यों, भारतीय राष्ट्रवाद और भारतीय दर्शन के प्रति समर्पित व्यक्ति थे।

5. 'रोमांसिंग टार्गेट्स' पुस्तक किसने लिखी ________ **निधि वढेरा।**

**नोट:**

- ➢ इस पुस्तक में, लेखक निधि वढेरा पाठकों के साथ बिक्री प्रक्रिया को समझने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण साझा करती हैं जो आपको बिक्री के लक्ष्यों को समाविष्ट करने और इस प्रक्रिया में क्रोधित हुए बिना परिणाम प्राप्त करने में सशक्त बनाएगी।

6. "धर्म: डिकोडिंग द एपिक्स फॉर ए मीनिंगफुल लाइफ" नामक पुस्तक के लेखक_________ **अमीश त्रिपाठी।**

**नोट:**

- ➢ पुस्तक प्राचीन हिंदू महाकाव्यों से अवतरित दार्शनिक पाठ प्रदान करती है। पुस्तक वेस्टलैंड पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित की गई है और दिसंबर 2020 में विमोचित होगी।
- ➢ पुस्तक को आधुनिक भारत में पात्रों के बीच संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो "महाभारत" जैसे महाकाव्यों और अमीस की पुस्तकों "शिव ट्रियोलॉजी" और "राम चंद्र सीरीज" से विभिन्न व्यावहारिक दार्शनिक सबक प्रदान करता है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

**7.** भारतीय संसद पर हमले की 19वीं वर्षगांठ पर “द शौर्य अनबाउंड टेल्स ऑफ वेलोर ऑफ सीआरपीएफ” नामक पुस्तक का विमोचन किसने किया ______**ओम बिरला।**

**नोट:**

- भारतीय संसद पर हमले की 19वीं वर्षगांठ पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने "द शौर्य अनबाउंड टेल्स ऑफ वेलोर ऑफ सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स" पुस्तक का विमोचन किया।
- यह CRPF के बहादुरों की वीरता के 13 सबसे अनुकरणीय कार्यों का संग्रह है जिन्हें चक्र से सम्मानित किया गया था।

## विज्ञान एवं रक्षा

**1.** भारतीय नौसेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह क्षेत्र में किस मिसाइल के एंटी-शिप संस्करण का परीक्षण किया______**ब्रह्मोस।**

**नोट:**

- यह पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा तनाव के बीच हुआ।
- यह सफल परीक्षण तीनों सेनाओं द्वारा किए जा रहे परीक्षणों की श्रृंखला का एक हिस्सा है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का एक संयुक्त उद्यम है जिसका उद्देश्य ऐसे घातक हथियार बनाना है जो पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों और जमीन से लॉन्च किए जा सकते हैं।

**2.** भारतीय नौसेना दिवस पर किस देश के साथ भारत ने पूर्वी हिंद महासागर में दो दिवसीय PASSEX अभ्यास किया ______**रूस।**

**नोट:**

- इस अभ्यास में RuFN का गाइडेड मिसाइल क्रूजर वारयाग, एंटी-सबमरीन शिप ‘एडमिरल पैंटेलेयेव’ और ओशन टैंकर पेचेंगा शामिल हैं।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों मित्र नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता को बढ़ाना, समझ को बेहतर बनाना और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को ग्रहण करना है।


**3.** किस IIT के शोधकर्ताओं ने ऐसा नया पदार्थ विकसित किया है जो नम हवा से पानी प्राप्त कर सकती है_____ **IIT गुवाहाटी।**

**नोट:**

- इस विधि में सामान्य प्रिंटर पेपर पर स्पंज जैसी छिद्रयुक्त पॉलीमरिक पदार्थ का छिड़काव किया जाता है।
- शोधकर्ताओं के अनुसार, इस विधि का उपयोग बायो-फॉलिंग को रोकने के लिए जहाजों और पनडुब्बियों के पानी के नीचे के आवरकों; और विमान की खिड़कियों पर आइसिंग को रोकने में भी किया जा सकता है।

**--------------0--------------**





gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 350+ Full-Length Mocks
- 30+SSC & Railways Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co